


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 3 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-096 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 4 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112


## 10 साल हुए हैं, 20 अभी बाकी है: मोदी



### 'विकास का नया अध्याय गढ़ेगा भारत': मोदी

राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुछ लोगों को 'ऑटो पायलट' पर सरकार चलाने की आदत रही है, लेकिन हम परिश्रम में विश्वास रखते हैं। हम आने वाले सालों में विकास कार्यों की गति और विस्तार बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल तो हमारे लिए 'एपेटाइजर' रहे, 'मेन कोर्स' तो अब शुरू हुआ है। मोदी ने कहा कि हम भारत में विकास का नया अध्याय गढ़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि एमएसपी समेत किसानों को लाभ पहुंचाने की दिशा में हमने पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।

### विपक्ष का वॉकआउट

राष्ट्रपति अभिभाषण पर राज्यसभा में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री मोदी के जवाब के बीच कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उच्च सदन में कहा कि मैं कर्तव्य से बंधा हूं, मैं यहां कोई 'स्कोर' करने नहीं आया; देश की जनता को हिसाब देना मैं अपना कर्तव्य मानता हूं। उन्होंने कहा कि देश देख रहा है कि झूठ फैलाने वालों में सच सुनने की ताकत नहीं है। जिनमें सत्य का सामना करने का साहस नहीं है, उनमें इन चर्चाओं में उठे प्रश्नों के उत्तर सुनने का साहस नहीं है। वे उच्च सदन का, उच्च सदन की गौरवशाली परंपरा का अपमान कर रहे हैं।

**नई दिल्ली,3 जुलाई।** लोकसभा में कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला करने के एक दिन बाद, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में भाग लिया। प्रधानमंत्री, लोकसभा में अपने भाषण की तरह, राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान विपक्ष पर जमकर निशाना साधा है। मोदी ने शुरूआत में कहा कि साठ साल बाद देश की जनता ने तीसरी बार किसी सरकार की सत्ता में वापसी कराई है जो असामान्य है। उन्होंने कहा कि पिछले दो-ढाई दिन में करीब 70 सांसद इस चर्चा में शामिल हुए. राष्ट्रपति के अभिभाषण पर इस चर्चा को समृद्ध बनाने के लिए मैं आप सभी सांसदों का आभार व्यक्त करता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी हम पर एक-तिहाई सरकार होने का विपक्ष का आरोप सही है, क्योंकि अभी तो हमारी सरकार के 20 साल और होंगे और अब तक तो एक तिहाई ही हुआ है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने दुष्प्रचार को, भ्रम की राजनीति को परास्त कर दिया और भरोसे की राजनीति पर विजय की मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि 60 साल बाद ऐसा हुआ है कि सरकार 10 साल तक सत्ता में रहने के बाद वापस लौटी है. मुझे एहसास है कि यह कोई सामान्य बात नहीं है। जनता द्वारा दिए गए इस फैसले को कुछ लोगों ने जानबूझ कर काला करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि मेरे जैसे लोग हैं जिन्हें बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान के कारण यहां तक आने का मौका मिला है।

मोदी ने हमला करते हुए कहा कि कुछ लोग जानबूझकर इससे अपना मुंह फेर कर बैठे रहे, कुछ लोगों को समझ नहीं आया और जिनको समझ आया उन्होंने हो-हल्ला कर देश की जनता के इस महत्वपूर्ण निर्णय पर छाया करने की कोशिश की। लेकिन मैं पिछले दो दिन से देख रहा हूं कि आखिर पराजय भी स्वीकार हो रही है और दबे मन से विजय भी स्वीकार हो रही है। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस के कुछ साथियों का हृदय से आभार व्यक्त करना चाहता हूं। नतीजे आने के बाद से मैं अपने एक सहकर्मी पर ध्यान दे रहा था - जिसे अपनी पार्टी का समर्थन नहीं था लेकिन उसने अकेले ही अपनी पार्टी का झंडा थाम रखा था। उन्होंने जो कहा, उसके लिए उनके मुँह में घी शक्कर। मेरे द्वारा ऐसा क्यों कहा जा रहा है? उन्होंने बार-बार कहा एक तिहाई सरकार। इससे बड़ा सच क्या हो सकता है? हमने अब 10 साल पूरे कर लिए हैं और अभी 20 साल और बाकी हैं।

## संजीवनी 108 स्टाफ बना देवदूत



**नारायणपुर,3 जुलाई।** नक्सल प्रभावित और जंगलों से घिरे अबूझमाड़ इलाके में 108 एम्बुलेंस स्टाफ की मदद से सफल प्रसव कराया गया है. प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला को 108 एम्बुलेंस की टीम ने 2 किलोमीटर तक स्ट्रेचर की मदद से पैदल चलकर एम्बुलेंस तक लेकर आ रही थी. लेकिन एम्बुलेंस तक पहुंचने से पहले ही महिला की प्रसव पीड़ा तेज हो गई. जिसके बाद परिजनों की अनुमति मिलने पर बीच रास्ते में ही ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) ने सूझबूझ से सफल प्रसव कराया. महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया. प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओरछा ले जाकर भर्ती कराया गया. जानकारी के अनुसार, ओरछा ब्लॉक के मंडाली गांव कि गर्भवती महिला सोमारी पति महरू 30 वर्ष को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने संजीवनी 108 से संपर्क किया. सूचना मिलने पर ओरछा 108 से ईएमटी कमला और पायलट राजेश गांव की ओर निकले. बारिश के कारण रास्ता खराब होने के कारण गांव से दो किलोमीटर पहले ही एम्बुलेंस को रोकना पड़ा, क्योंकि कीचड़ में एम्बुलेंस के फसने का डर था और एम्बुलेंस टीम पैदल ही पीड़िता के घर पहुंची. जिसके बाद स्ट्रेचर की मदद से गर्भवती महिला को दो किलोमीटर लाया गया. एम्बुलेंस के पास पहुंचने से पहले ही प्रसव पीड़ा बढ़ गई, जिसके बाद परिजनों से सलाह कर ईएमटी ने रास्ते में ही प्रसव प्रक्रिया प्रारम्भ किया. स्ट्रेचर के चारों तरफ कपड़े का पर्दा बनाकर घेरा किया गया और प्रसव कराया गया.

## संक्षेप

### रायगढ़ में 20 लाख के गहनों की लूट

**रायगढ़,3 जुलाई।** जिले के चक्रधर नगर चौक में स्थित एक ज्वेलरी शॉप में मंगलवार रात लूट की वारदात हुई। ओम ज्वेलर्स की महिला कर्मचारी से बदमाश ज्वेलरी भरा बैग लूट कर फरार हो गए। इसकी कीमत करीब 20 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। एसपी और पुलिस अधिकारियों की टीम देर रात मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।दुकान के संचालक नटवर अग्रवाल ने बताया कि रोज की तरह दो महिला कर्मचारी सोने-चांदी के गहनों से भरा बैग लेकर घर जा रहीं थी। इसी दौरान दो लूटेरे बाइक पर आए। लड़की को धक्का दिया और थैला छीन कर भाग निकले। आरोपियों ने अपने चेहरे ढके हुए थे। घटना मंगलवार रात करीब साढ़े 9 बजे की है। घटना की जानकारी मिलते ही रायगढ़ पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गई। एसपी दिव्यांग पटेल के निर्देश पर शहर से बाहर आने-जाने वाले हर रास्ते पर नाकेबंदी कर दी गई। सभी बाहरी रास्ते में पुलिस लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस को आशंका है कि दोनों बदमाशों ने कई दिनों की रेकी के बाद वारदात को अंजाम दिया है। एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि, आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कुछ सुराग जरूर मिले हैं, जिनके आधार पर जांच की जा रही है। ज्वेलरी लूटने वाले बाइक सवार बदमाशों की पतासाजी की जा रही है।

### ऑपरेशन से लौट रहे जवानों पर नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट

**नारायणपुर,3 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिले नारायणपुर में कोहकमेट थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मंगलवार को मुठभेड़ में 5 नक्सलियों को मार गिराया. आज जवानों की वापसी के दौरान माओवादियों ने आईईडी ब्लास्टर कर दिया. जवानों की जवाबी कार्रवाई से नक्सली भाग निकले. इस घटना में कोई हताहत नहीं हुई है. ऑपरेशन अभी भी जारी है. बता दें कि नारायणपुर के जंगल में मुठभेड़ कल से चल रही है, जिसमें अब तक 5 नक्सली मारे जा चुके हैं. मौके से 3 नग 303 राइफल ,1 नग 12 बोर बंदूक के साथ नक्सल सामग्री बरामद किया गया है. बताया जा रहा कि कल सुबह तक जवान वापस मुख्यालय पहुंचेंगे.

### हवाला व्यापारी गिरफ्तार

**दुर्ग,3 जुलाई।** दुर्ग क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन सट्टा के करोड़ों रुपए हवाला करने वाले व्यापारी नीरू भाई को गिरफ्तार किया है. एएसपी रिचा मिश्रा की टीम ने बीती रात रायपुर के खमरिया में छापामार कार्रवाई कर व्यापारी को गिरफ्तार करने के साथ मौके से 80 लाख रुपए कैश भी बरामद किया है. जानकारी के अनुसार, हैदराबाद में पिछले दिनों पकड़े गए ऑनलाइस सट्टा एप के पैनल से हवाले का लिंक मिला था. आरोपी नीरू भाई को पैसा ट्रांसफर कर रहा था. नीरू भाई से पैसा गुजरात जा रहा था. इस रैकेट का दुर्ग पुलिस जल्द खुलासा करेगी.

बता दें कि महादेव एप के बाद लोटस एप मामले में आरोपी शुभम और विनय गुप्ता को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. इनमें से विनय गुप्ता पहले भी महादेव एप से जुड़े मामले में गिरफ्तार हो चुका है.

### तहव्वुर राणा को जल्द भारत लाने की बंधी उम्मीद

**नई दिल्ली,3 जुलाई।** पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा को भारत लाने की उम्मीद बढ़ गई है। दरअसल अमेरिका के सहायक अटॉर्नी ब्रैम एल्डेन ने अमेरिका के अपीलीय न्यायालय को बताया है कि भारत-अमेरिका की प्रत्यर्पण संधि के प्रावधानों के तहत तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। तहव्वुर राणा पर साल 2008 में हुए मुंबई हमले में शामिल होने का आरोप है।

## देश में चल रहा दो आईपीएल : चड्ढा



**नई दिल्ली,3 जुलाई।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने हाल ही में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) पेपर लीक घोटाले पर केंद्र के खिलाफ तीखा हमला किया और कहा कि देश में दो आईपीएल हैं - एक इंडियन प्रीमियर लीग है और दूसरा है भयावह इंडियन पेपर लीक, जो लाखों युवा उम्मीदवारों के भविष्य को खतरे में डाल रहा है। मंगलवार को राज्यसभा को संबोधित करते हुए, आप नेता ने पिछले दशक में देश की शिक्षा प्रणाली को सुरक्षित करने में केंद्र सरकार की विफलता की निंदा की, क्योंकि नीट-यूजीसी परीक्षाओं में बैठने वाले 35 लाख उम्मीदवारों की संभावनाएं फिलहाल अधर में लटकी हुई हैं। राघव ने कहा कि वो 35 लाख बच्चे आज संसद की ओर इस उम्मीद से देख रहे हैं कि शायद उनके अधिकारों पर बात होगी। भारत की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। हम विश्व के सबसे युवा देश हैं, जहां औसत आयु 29 वर्ष है। चड्ढा ने कहा, विकसित देश 'बूढ़े' हो रहे हैं, जबकि हम युवा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में छात्रों की संख्या दुनिया में सबसे ज्यादा है, जो लगभग 31 करोड़ है। उन्होंने आगे कहा कि ''इस देश में दो आईपीएल होते हैं। एक आईपीएल में खेल गेंद और बल्ले से खेला जाता है और दूसरा आईपीएल है, जहां आप युवा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं, जो कि इंडिया पेपर लीक है।'' आप सांसद ने देश में बेरोजगारी का मुद्दा भी उठाया और कहा हम अपने देश के युवाओं के लिए न तो अच्छी शिक्षा व्यवस्था दे सकते हैं और न ही रोजगार दे सकते हैं। संगठित क्षेत्र में बेरोज़गारी चरम पर है और असंगठित क्षेत्र के बारे में कोई डेटा नहीं है।

## मुख्यमंत्री ने पुलिस परिवार के बच्चों के लिए किया बस सेवा का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़



**रायपुर,3 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुलिस परिवार के बच्चों के स्कूल आने-जाने के लिए बस का शुभारंभ किया. वहीं इस बस को डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. छ्स्क्रमद से बच्चों को बस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है. सीएम साय ने इस मौके पर कहा कि आवासीय पुलिस कॉलोनी के बच्चों को आने जाने में समस्या होती है, गृह मंत्री की पहल पर आज बस मुहैया कराया गया है. विधिवत पूजा करके शुभारंभ कर रहे हैं. सीएम साय ने पुलिस कॉलोनी आवासीय समिति के सदस्यों को बस की चाबी सौंपी. इस मौके पर पुलिस परिवार के लोगों ने सीएम साय और डिप्टी सीएम शर्मा का आभार प्रकट किया. सीएम साय ने गृह मंत्री विजय शर्मा को उनकी इस पहल के लिए सराहना करते हुए बधाई दी. उन्होंने कहा कि और भी अन्य कंपनियों से आग्रह करेंगे इस प्रकार की पहल हो. वहीं हाथरस की घटना पर सीएम साय ने कहा कि हाथरस की घटना दुखद है. श्रद्धांजलि अर्पित करते है. इस प्रकार की घटना नहीं होना चाहिए. सरकार इसकी जांच करा रही है.

## त्वरित सुनवाई के संवैधानिक अधिकार पर सुप्रीम कोर्ट ने दिया जोर, एनआईए को देरी के लिए लगाई फटकार

**नई दिल्ली,3 जुलाई।** त्वरित सुनवाई का संवैधानिक अधिकार कथित अपराध की गंभीरता पर निर्भर नहीं हो सकता है, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जाली मुद्रा मामले में मुकदमा चलाने में देरी के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को कड़ी फटकार लगाई। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कथित अपराध की गंभीरता के बावजूद, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत त्वरित सुनवाई के संवैधानिक अधिकार को रेखांकित किया, क्योंकि इसने मामले में आरोपी को जमानत दे दी। पीठ ने जोरदार टिप्पणी करते हुए कहा कि आप एनआईए हैं। कृपया न्याय का मजाक न बनाएं।' चार साल हो गये, और मुकदमा शुरू नहीं हुआ। ऐसा नहीं किया गया। आरोपी ने जो भी अपराध किया है, उसे त्वरित सुनवाई का अधिकार है। आदेश में कहा गया कि चाहे कितना भी गंभीर अपराध क्यों न हो, आरोपी को त्वरित सुनवाई का अधिकार है, जैसा कि भारत के संविधान के तहत निहित है।



हम आश्वस्त हैं कि जिस तरह से अदालत और अभियोजन एजेंसी इस मामले में आगे बढ़ी है, उससे त्वरित सुनवाई का अधिकार कुंठित हो गया है, जिससे अनुच्छेद 21 का उल्लंघन हुआ है। अदालत फरवरी 2024 के बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ एक अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें जावेद गुलाम नबी शेख को जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। उन्हें 2020 में मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, जिससे कथित तौर पर पाकिस्तान से आए नकली नोटों की बरामदगी हुई थी।

## बिहार में बैक टू बैक तीन पुल ध्वस्त

**सीवान,3 जुलाई।** बिहार में फिर से पुल हादसा हुआ है। सीवान में बैक टू बैक तीन पुल ध्वस्त हो गए। लगातार बारिश के कारण कुछ ही घंटों में तीन पुल गिरने से कई गांवों के बीच संपर्क टूट गया है। पहली घटना महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा गांव और देवरिया गांव के बीच की है। यहां गंडक नदी पर बना 35 साल पुराना पुल का का एक पाया धंसने लगा। देखते ही देखते पुल गंडक नदी में समा गया। दूसरी घटना महाराजगंज प्रखंड के तेवथा पंचायत की है। नौतन और सिकंदरपुर गांव के गंडक नदी पर बना पुल गिर गया। वहीं तीसरा पुल धीमही गांव में गंडक नदी में बना था। यह भी धाराशायी हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ दिन पहले इस पुल की मरमत भी हुई थी। उसके बाद भी यह पुल टूट गया है। पानी के तेज बहाव के कारण बताया जा रहा है। हादसे के बाद कई गांव के बीच आवागमन बाधित हो गया है। इलाके में हड़कंप मच गया। लोग पुल के निर्माण कार्य पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है यह पुल 35 से 40 साल पुरानी थी। हजारों लोगों के आने-जाने का मात्र एक यही साधन था।



जो अब पूरी तरह से टूट गया है। ग़नीमत रही कि इस हादसे में जानमाल की कोई नुकसान नहीं पहुंचा। इस हादसे के पहले 22 जून को महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक नहर पर पुल अचानक गिर गया था। हादसे के बाद दो गांव के बीच आवागमन बाधित हो गया है। इलाके में हड़कंप मच गया। लोग पुल के निर्माण कार्य पर सवाल उठा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 30 साल पहले बिहार सरकार ने इस पुल का निर्माण करवायाा।

## कोर्ट ने सिसोदिया-कविता की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ाई

**नई दिल्ली,3 जुलाई।** आबकारी नीति से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के कविता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज ऐवन्यू कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने दोनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ाई। आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया और के कविता की न्यायिक हिरासत खत्म हो गई थी, जिसके बाद उन्हें पेश किया गया है। मनीष सिसोदिया तिहाड़ जेल में बंद हैं। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। वहीं, ईडी ने 9 मार्च 2023 को सीबीआई की एफआईआर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। 28 फरवरी 2023 को सिसोदिया ने दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। उधर, के कविता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 15 मार्च को उन्हें हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था।

कोरोना काल के बीच दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 लागू की थी। इस शराब नीति के कार्यान्वियन में कथित अनियमितता की शिकायतें आईं जिसके बाद उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की। इसके साथ ही दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 सवालों के घेरे में आ गई। हालांकि, नई शराब नीति को बाद में इसे बनाने और इसके कार्यान्वयन में अनियमितताओं के आरोपों के बीच रद्द कर दिया गया था।सीबीआई ने अगस्त 2022 में इस मामले में 15 आरोपियों के खिलाफ नियमों के कथित उल्लंघन और नई शराब नीति में प्रक्रियागत गड़बड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की। बाद में सीबीआई द्वारा दर्ज मामले के संबंध में ईडी ने पीएमएलए के तहत मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले की जांच शुरू कर दी।

### विश्व खेल पत्रकारिता दिवस: इंटरनेशनल स्पोर्ट्स- प्रेस एसोसिएशन की पहल

jasclaudius@gmail.com

## पर्दे के पीछे खेल में जागरुकता जगाने वालों को सेल्यूट

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सदियों पहले मानव सभ्यता के विकास के साथ- साथ मनुष्य के मन में जो कुछ भी घट रहा है उसको जानने की उत्सुकता उत्पन्न हो थी। इसी वजह से जो क्रियाकलाप आरंभ हुआ। धीरे-धीरे करके समाज में आवश्यकता बनती चली गयी। शुरूवाती दौर में बीसी ई 59 के पूर्व प्राचीन रोम में विभिन्न नगरों या साम्राज्य में चल रही गतिविधि की जानकारी को एक कागज या सूचना फलक में लिखकर सार्वजनिक स्थानों में लगा दिया जाता था। जिसे एक्टा डीउरना कहा जाता था। एक्टा डीउरना में प्रतिदिन के हलचल की जानकारी के अलावा साम्राज्य संबंधी सूचना को भी मुख्य स्थानों पर प्रकाशित किया जाता था। चीन में तंग साम्राज्य के दौरान कोर्ट संबंधी सर्कुलर को जिसे बाओ या रिपोर्ट कहते थे उसका प्रकाशन विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर किया जाता था। इस तरह लोगों के मन मस्तिष्क में घटनाओं को जानने की जिज्ञासु प्रवृत्ति का उदय हुआ। वस्तुतः इसी चाहत ने समय के परिवर्तन के साथ आगे चलकर पत्रकारिता जैसे कैरियर को जन्म दिया। यूरोप में इस दिशा में जनता की जागरुकता सबके अधिक बढ़ गई। आखिरकार 1609 में जर्मनी के कई शहरों तथा एंटवर्प में समाचार पत्रों का प्रकाशन आरंभ हुआ। इसके साथ ही पत्रकारिता के नये अध्याय की शुरुआत भी हुई।

पत्रकारिता का दायरा 1750 के पश्चात तेजी से बढ़ा। इसमें राजनीतिक, व्यापार, अपराध, युद्ध की स्थिति, पर्यटन, मनोरंजन, सामाजिक परिस्थिति आदि के साथ खेल जगत की गतिविधि के बारे में जानकारी प्राप्ति की होड़ लगने लगी। 19वीं सदी में खेल पत्रकारिता ने नये रुप को आकार देना आरंभ किया और 20 वीं सदी के आरंभ में प्रिंट मीडिया के साथ इलेक्ट्रानिक मीडिया के श्रव्य मीडिया( रेडिया) तथा दृश्य मीडिया( टेलीविजन) के पदार्पण से खेल पत्रकारिता में व्यवसायिकरण का प्रवेश हो गया। इसी वजह से खेलकूद ने समाज में अपना विशेष स्थान बना लिया। नित नये अविष्कार ने मानव जीवन की कार्यशैली में बदलाव लाया और सभी को शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए खेलकूद का महत्व समझ में आ गया। इसके साथ खेल पत्रकारिता का नया युग आरंभ हुआ। आज की परिस्थिति में समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता रखने के लिए प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया का विशेष स्थान है।

खेल पत्रकारिता के बढ़ते प्रभाव के कारण उसमें कैरियर की संभावना भी बढ़ गई है। इसके अलावा जिस तरह पूरे संसार में तरह-तरह के खेलों का अविष्कार हो रहा है। उसके कवरेज के लिए एक खेल पत्रकार को ना सिर्फ अध्ययन करना पड़ता है बल्कि खेल परिसर में हुए मुकाबले का विवरण सही तकनीक की जानकारी के साथ पाठकों,दर्शकों के समक्ष रखना पड़ता है। खेल के दौरान खिलाड़ियों को पहचानने, हार- जीत का परिणाम आने पर साक्षात्कार लेने, आयोजनकर्ताओं भेंट करने आदि में एक खेल पत्रकार को बड़ी चतुराई से काम लेना पड़ता है। 20 वीं सदी में खेल पत्रकारिता के महत्व और उसके कवरेज के दौरान जोखिम पर ध्यान देते हुए इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन ने विश्व खेल पत्रकारिता दिवस मनाने का निर्णय लिया। इसके लिए 160 देशों की इस संस्था ने लंबे विचार विमर्श के पश्चात 2 जुलाई को इस दिवस को मनाने का निश्चय किया। आज की युवा पीढ़ी के प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के खेल पत्रकारों के साथ फोटो पत्रकारों का सम्मान इस दिन किया जाता है। कैमरे के साथ खेल मुकाबले के विशेष क्षण को कैद करने के लिए फोटो पत्रकारों की भूमिका से कोई इंकार नहीं कर सकता। खेल कमेंटेटर के साथ लगातार आंकड़े उपलब्ध कराने वाले, साउंड रिकार्डिस्ट सभी की भूमिका खेल पत्रकारिता में विशेष स्थान रखती है।

खेल पत्रकारिता दिवस के दिन ऐसे समर्पित विशेषज्ञों का सम्मान किया जाता है। खेल पत्रकार के माध्यम से ही जमीन से जुड़े हुए अत्यंत प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय, राज्य स्तर पर पहचान मिलती है। अगर वे ऐसा नहीं करते तो आज अत्यंत पिछड़े आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आने वाले उदयीमान खिलाड़ियों की पहचान नहीं हो सकती। अपने गांव, प्रदेश,देश का नाम रौशन करने वाले इन जांबाज खिलाड़ियों के बारे में खेल पत्रकार उनके पारिवारिक पृष्ठभूमि,आगे बढ़ने के दौरान आई बाधाओं को सार्वजनिक किया जाता है तो उससे बच्चों, किशोरों, युवाओं को खेल को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। अतः 2 जुलाई को खेल पत्रकारिता दिवस के दिन पर्दे के पीछे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों का सम्मान गौरव की बात है।

## किराना दुकान में मिला पीडीएस का चावल

**जगदलपुर,3 जुलाई।** जिले में सरकारी राशन की कालाबाजारी करने वालों पर खाद्य विभाग की नजर है. इस कड़ी में तीन दुकानों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत आबंटित चावल व अन्य खाद्य सामग्री मिलने पर जब्ती की कार्रवाई करते हुए दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई.

दरअसल, गरीब परिवारों को सस्ता अनाज उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना पर अब कई चावल माफिया की नजर है. पीडीएस चावल की कालाबाजारी को लेकर खाद्य विभाग लगातार कार्रवाई करते हुए चावल माफियाओं पर शिकंजा कसा है. शहर के अलग-अलग इलाकों में संचालित किराना दुकानों की पिछले दिनों जांच की गई, इस दौरान तीन दुकानों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत आबंटित चावल व अन्य खाद्य सामग्री मिलने से उसे जब्त करते हुए किराना स्टोर्स संचालकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है. बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम का कहना है कि जिले में पीडीएस के तहत वितरण होने वाले चावल व अन्य खाद्य सामग्री को राशन कार्डधारियों द्वारा किराना स्टोर्स के व्यापारियों को बेचने की लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी. इस सूचना के आधार पर खाद्य विभाग के द्वारा शहर के कई दुकानों में दबिश देकर जांच की गई. जांच के दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर तीन दुकान को सील कर दिया गया.

जिला खाद्य विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है. इससे पहले अप्रैल महीने में पीडीएस चावल की कालाबाजारी की सूचना मिलने पर शहर के भंगाराम चौक स्थित अशफाक नगानी के किराना दुकान में दबिश देकर 21 बोरा चावल जब्त किया गया. इसके अलावा अम्बेडकर वार्ड में पिकअप वाहन से 17 बोरा चावल बरामद कर जब्त किया. इसके साथ ही कुम्हारपारा रमन किराना स्टोर्स से 27 बोरा और गीदम रोड़ पर पिकअप वाहन से 60 बोरा राशन चावल जब्त कर कार्रवाई की गई है.

## एक नजर



### महिला आरक्षक हुलसी चंद्रवंशी ने रंगोली बनाकर नए कानून की जानकारी दी

**कवर्धा।** पोड़ी चौकी में महिला आरक्षक हुलसी चंद्रवंशी ने रंगोली बनाकर नए कानून का संदेश दिया ।

### एमआईसी सदस्य के रूप में सीमा साहू ने पदभार किया ग्रहण



**रिसाली।** महापौर परिषद में शामिल वार्ड 28 की पार्षद डॉ.सीमा साहू समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास व आजीविका विभाग प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण की। वे मंगलवार दोपहर 12 बजे निगम कार्यालय पहुंची। जहां अन्य एमआईसी सदस्य समेत सभापति केशव बंछोर, महापौर शशि सिन्हा ने स्वागत किया। इसके बाद महापौर ने एमआईसी कक्ष में पदभार ग्रहण कराया। कुर्सी संभालने से पहले डॉ. सीमा ने महापौर, सभापति व अन्य सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि ईश्वरी साहू को हटाए जाने के बाद यह पद खाली था। विभाग को महापौर ने अपने पास रखा था। दो दिन पूर्व ही महापौर ने उन्हें अपने परिषद में शामिल किया। इस अवसर पर परिषद के सदस्य अनूप डे, गोविन्द चतुर्वेदी, सनीर साहू, सोनिया देवांगन, चन्द्रप्रकाश सिंह, परमेश्वर कुमार, पार्षद जमुना ठाकुर, विलास राव बोरकर, रोहित कुमार उपस्थित थे।

### महापौर की निधि से बनेगा रिसाली स्कूल में स्टैंड



**रिसाली।** शिवपारा स्टेशन मरोदा में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने 7 लाख 63 हजार से शा. उच्चतर मा. विद्यालय में बने अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया। वही महापौर शशि सिन्हा ने अपने निधि से परिसर में साइकिल स्टैंड बनाने की घोषणा की। वे स्कूल के शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पहुंचे थे। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि जो अभाव में रहता है वह सीखता है। प्रदेश की सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करने का प्रयास कर रही है। प्रदेश के मुख्या विष्णु देव साय ने कलेक्टर को अच्छी शिक्षा के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने कहा है। उन्होंने नगर पालिक निगम के अधिकारियों को आवश्यकता अनुसार स्कूल के विकास के लिए स्टीमेंट तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत किया। साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सनीर साहू, सीमा साहू, पार्षद गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, धर्मेन्द्र भगत, मनीष यादव, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, जमुना ठाकुर, विलास बोरकर, टिकम साहू, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, महामंत्री राजू जंघेल, दशरथ साहू, रंजन सिन्हा आदि उपस्थित थे। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में महापौर शशि सिन्हा ने अपने निधि से परिसर में स्टैण्ड बनाने की घोषणा की। इसके लिए 10 लाख रूपए आरक्षित की है। दरअसल स्कूल प्रबंधन ने मांग की थी स्कूल पुराना है। स्टैण्ड में स्टाप और छात्र-छात्राएं वाहन साइकिल रखते है। वर्तमान में साइकिल स्टैण्ड क्षतिग्रस्त हो चुका है। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में अतिथियों ने स्कूल परिसर में छायादार पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर विधायक ने हर नागरिक को एक पौधा अवश्य रोपने और उसकी देखभाल करने कहा।

### सेवानिवृत्त कर्मी से ठगी

**भिलाई ।** भिलाई - 3 थाना क्षेत्र बीएसपी से सेवानिवृत्त कर्मी के साथ ठगी करने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है भिलाई - 3 पुलिस ने बताया कि सेवनिवृत्त कर्मी आत्माराम एसबीआई पदुमनगर भिलाई तीन के बैंक ने पीड़ित का एटीएम जारी किया जिसे लेकर एसबीआई एटीएम भिलाई 3 से पैसा निकाल रहा था इस दौरान पीछे एक अज्ञात युवक खडा था, एटीएम से पुलिस पेट्रोल पंप के सामने वाले एटीएम से पैसा निकालने अपना एटीएम कार्ड को एटीएम मशीन में डाला कोड दबाया उसके बाद भी मेरा रकम गायब हो गया खाते से 1 लाख 12 हजार 800 रुपए पार हो गया।

### घर का ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई ।** भिलाई-3 थाना अंतर्गत एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर आलमारी में रखे सोने के सिक्के, नगदी सहित एक्टिवा चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में नए कानून के तहत धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि दीपेश कुमार सामंत (33 वर्ष ) मकान निर्माण का कार्य करता है।

### लंप आयरन ओर क्रशिंग यूनिट ने बनाया नया रिकॉर्ड

**भिलाई, 3 जुलाई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ओर हैंडलिंग प्लांट-बी (ओएचपी-बी) स्थित लंप आयरन ओर क्रशिंग यूनिट में जून 2024 माह में 1,04,473 टन की उच्चतम लंप क्रशिंग दर्ज किया गया। फरवरी 2024 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 97,002 टन को पार करते हुए क्रशिंग यूनिट ने यह नया रिकॉर्ड बनाया।

# संकुल केंद्र कोड़िया में प्रवेशोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया

## शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी छात्रों का मिठाई खिलाकर किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 3 जुलाई।** संकुल स्त्रोत केंद्र कोड़िया में सोमवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत दुर्ग कृषि सभापति राकेश हिरवानी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, वहीं ग्राम सरपंच चंद्रभान सारथी, उपसरपंच चंद्रकुमार चंद्राकर, सासंद प्रतिनिधि दिनेश दीपक, विधायक प्रतिनिधि आनंद चंद्राकर, पूर्व सरपंच राधेलाल साहू, शाउमावि कोड़िया के प्रभारी प्राचार्य एवं संकुल प्रभारी नीलमणि उज्जवने, पूर्व एसएमडीसी अध्यक्ष जेपी दीपक, शौर्य युवा संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज, किशन दीपक, भानपुरी प्राइमरी एचएम महेश राम साहू, मीडिल एचएम रत्ना मिश्रा, कोड़िया प्राइमरी एचएम नीता शर्मा, मीडिल एचएम सुधा रॉय, कोकड़ी प्राइमरी एचएम संदीप यादव, मीडिल एचएम महावीर चंद्राकर सहित अन्य ग्रामीण जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला कोड़िया, भानपुरी व कोकड़ी के 1लीं और 6वीं कक्षा के नवप्रवेशी छात्रों का तिलककर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया साथ ही उन्हें गणवेश और पाठ्यपुस्तक भी प्रदान की गई। जनपद कृषि सभापति राकेश हिरवानी ने नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की बधाई व शैक्षणिक स्तर में सुधार को लेकर स्कूल स्टॉफ द्वारा किए जाने वाले प्रयासों की सराहना की।

### उपमुख्यमंत्री शर्मा ने नवीन थाना भवन परिसर में किया पौधरोपण



**कवर्धा,3 जुलाई।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सहसपुर लोहारा में नवीन पुलिस थाना भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने नवीन थाना भवन परिसर में पौधे लगाए और लोगों को पौधरोपण एवं उसकी सुरक्षा के लिए प्रेरित किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। फल-फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है। इस अवसर पर जिला पंचायत रामकृष्ण साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनिराम साहू सहित जनप्रतिनिधि, क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# युवा मोर्चा ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 3 जुलाई।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सदन में हिंदू समाज को हिंसक बताते हुए आपत्तिजनक बयान दिया।जिसके विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन किया । जिला उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने कहा फिरोज खान के पोता राहुल गांधी को हिंदू समाज से नाक रगड़कर माफी मांगनी चाहिए और कांग्रेस पार्टी में कार्य कर रहे हिंदू नेताओं को सोचना चाहिए और अपने दिशाहीन बढ़ बोले नेता राहुल गांधी को समझाएं कि वह हिंदू समाज से माफी मांगे । जिला अध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था गर्व से कहो हम हिंदू है भारत देश में सनातन धर्म था सनातन धर्म है और सनातन धर्म रहेगा जिस प्रकार राहुल गांधी ने हिंदू समाज को देश के मंदिर सामान संसद में हिंसा करने वाला समाज बोला जो की बहुत ही निंदनीय है इसके लिए राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नपा अध्यक्ष मनहरण कौशिक प्रदेश मंत्री ठाकुर पीयूष सिंह जिला मंत्री सुरेश दुबे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खिलेश्वर साहू रवि राजपूत अशोक चंद्रवंशी जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर, मनोज वैष्णव मिथलेश बंजारे जिला मंत्री हेमचंद चंद्रवंशी अरविंद वर्मा रामविलास चंद्रवंशी मिडिया प्रभारी योगेश ठाकरे मंडल अध्यक्ष गण् अनिल साहू, यशवंत साहू अमित चंद्रवंशी सुदर्शन कुंभकार मीनू साहू दुर्गेश दुबे रमाकांत चन्द्रवंशी, योगेश महाजन मुकेश सेन दीपक सोनू उपस्थित थे ।

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज सहसपुर लोहारा में नवीन पुलिस थाना भवन का किया लोकार्पण



**कवर्धा, 12 जुलाई।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज सहसपुर लोहारा में नवीन पुलिस थाना भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री ने नवीन पुलिस थाना भवन लोकार्पण की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने लोकार्पण करने के बाद थाना भवन का निरीक्षण किया।उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह नया थाना भवन क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस भवन से पुलिस बल को अपने कार्यों को और अधिक प्रभावी तरीके से संपन्न करने में सहायता मिलेगी। इस तरह के प्रयास स्थानीय निवासियों के बीच सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देते हैं और सरकार की कानून और व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उप मुख्यमंत्री ने इस दौरान आज से लागू होने वाले तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता (ब्हस्र ), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (ब्हस्र्स ) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (ब्स्र) के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सरल करने के लिए लाया गया है। नये तीनों कानून, न्याय और नागरिक सुरक्षा के लिए लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि नये कानून के साथ हम सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेंगे तो ज्यादा बेहतर काम कर पाएंगे। उन्होंने आज 1 जुलाई से लागू होने वाले नये आपराधिक कानून के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यतः पुराने कानून ब्रिटिश काल से चले आ रहे थे। जिसे प्रासंगिक बनाने के लिए एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का समाधान करने के लिए परिवर्तन किया गया है। इस बदलाव से अपराधियों के खिलाफ एफआईआर करने में दिक्कत नहीं होगी तथा गंभीर अपराधियों को प्रक्रिया का पालन करते हुए कड़ी कार्रवाई की जा सकेगी।

### स्काउट गाइड का तृतीय सोपान शिविर आयोजित



**उतई, 3 जुलाई।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई में अध्यनरत स्काउट- गाइड के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय तृतीय सोपान शिविर में जो राजीव लोचन स्काउट गाइड सेंटर धमधा में आयोजित हुआ जिसमें विद्यालय के चार स्काउट हर्ष वर्मा ,पूरब साहू , गौरव चंद्राकर, रूद्र चंद्राकर एवं चार गाइड पुष्पांजलि साहू ,प्रेरणा वर्मा, नारायणी यादव ,मानसी सिन्हा ने भाग लिया व सफलतापूर्वक पूर्ण कर राज्य स्तरीय राज्यपाल पुरस्कार के लिए क्वालीफाई किये।

विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन के सचिव डी एल सिन्हा, प्राचार्य के आर सिन्हा, बोर्ड परीक्षा प्रभारी एन के चंद्राकर उप प्राचार्य अनीता अहीर , शांता सोनवानी प्रधान पाठक शरणजीत कौर, एस आर सेन,स्काउट टीचर तरुण यादव समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं पालकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाइयां दी एवं राज्यपाल पुरस्कार के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित किये।

# बोलबम पदयात्रियों के लिए बूढ़ा महादेव समिति ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से की सौजन्य भेंट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 3 जुलाई।** श्रावण मास में शिव भक्त शिवालयों में जाकर पूजा अर्चन करते है इस दौरान अमरकंटक से भोरमदेव व स्थानीय बूढ़ा महादेव मंदिर में हजारों की संख्यां में श्रद्धालु शिव भक्त जल लेकर मंदिर पहुँचते है । आगामी श्रावण मास में शिवभक्तों को पदयात्रा में कठनाई न हो इसे लेकर बूढ़ा महादेव समिति के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय सर्किट हाउस में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से सौजन्य भेंट कर पदयात्रा के दौरान होने वाली समस्याओं से अवगत कराया । बूढ़ा महादेव मंदिर एवं बूढ़ा महादेव में बोलबम पद यात्रियों के रुकने एवं दर्शन के सबन्ध में वृस्तृत चर्चा के बाद । उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा शिवभक्तों को पदयात्रा में किसी भी प्रकार से कठनाई का सामना न करना पड़े इसलिए सुगम व्यवस्था बनाने के लिए हर सम्भव प्रयाश किया जाएगा । कवर्धा से भोरमदेव तक रात्रि में यात्रा करने वालो के लिए प्रकाश की व्यवस्था , जगह जगह पीने के पानी की सुविधा एवं मंदिर प्राँगण में बोलबम कांवरियों को अतिशीघ्र दर्शन मिल सके इस लिए व्यवस्था बनाने की बात कही । वही मंदिर परिसर के आसपास स्वछता एवं सुरक्षा को लेकर भी सुविधा देने की बात कही । उन्होंने कहा श्रावण मास में भोरमदेव तक पदयात्रा कर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है इस दृष्टि से सभी को सुरक्षित सुगम दर्शन मिल सके ये हम सब की जिम्मेदारी है इसे मिलकर पूरा करेंगे । खासकर पर्व में रविवार और सोमवार को होने वाली भीड़ की दृष्टी से भी व्यवस्था बनाने के लिए हर संभव प्रयाश किया जाएगा ।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मनीष पांडेय ने किया पौधारोपण




**भिलाई, 3 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य एवं श्रीराम जन्मोत्सव समिति युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने मंगलवार को सेक्टर 9 में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पाण्डेय ने भिलाईवासियों से अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने की अपील की है। साथ ही उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वृक्षारोपण के साथ-साथ स्वच्छता भी हमारी आवश्यकता है। स्वच्छ पर्यावरण हमें कई तरह के बीमारियों से बचाती है। स्वच्छ पर्यावरण हमें शुद्ध हवा, शुद्ध जल प्रदान करती है और यह सभी जीवों के लिए आवश्यक है। पेड़ पौधे की हरियाली से मन का तनाव दूर होता है और मन को शांति मिलती है। इस दौरान मुख्य रूप से निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष संजय दानी, पार्षद श्रीमती ईश्वरी नेताम मंडल अध्यक्ष तिलक राज यादव, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, रिंकू साहू बी पद्मनाभन, महामंत्री गोल्डी सोनी, सईदा परवीन, कामिल रॉबर्ट, महेंद्र यादव, करण कन्नोजे, सीमा तिवारी, सविता नाहक, राहुल भोंसले, तारिक खान, अनिल नायक, पिंकी सिन्हा, रोहित तिवारी, शुभम जैन, राजेश कन्नोज़े, नवनीत हरदेल, सरोज तहनगुरिया, सोनाली सिंगने, रितुराज शर्मा आकाश कांबले, कमलेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# निगम ने अभियान चलाकर 9500 जुर्माना वसूला



**रिसाली,3 जुलाई।** कृष्णा टॉकिज मुख्य सड़क की जमीन पर अतिक्रमण कर भवन निर्माण सामाग्री रखने वालों के खिलाफ रिसाली निगम ने कार्रवाइ शुरू कर दी है। वैभव ट्रेडर्स के संचालक से 6000 जुर्माना राशि वसूल की है। वहीं पंद्रह दिनों के अंदर निर्माण सामाग्री हटाने चेतावनी दी गई है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने आवाजाही को प्रभावित करने और सड़क नाली की जमीन पर से अतिक्रमण हटाने निर्देश दिए है। पहले दिन राजस्व विभाग प्रभारी संजय वर्मा के नेतृत्व में टीम ने वर्षो से सड़क की जमीन पर अतिक्रमण कर व्यापार करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की। दरअसल तीन दिन पहले निगम ने भवन निर्माण सामाग्री को हटाने नोटिस जारी किया था। इसके बाद भी सामाग्री यथावत होने पर कार्रवाई की गई। इसीतरह निगम के तोड़ू दस्ता विभाग ने धनोरा रोड स्थित सड़क किनारे टाइल्स रखने पर गोवर्धन सिंह से 3000 जुर्माना वसूला। इस कार्रवाई में ए आर आई टिकेन्द्र वर्मा, टेमन दिल्लीवार, डिलेश व भीखम यादव शमिल थे। नागरिकों की शिकायत थी कि धनोरा रोड में ऑटो चालक फेरी लगाकर मटन बेचता है। भ्रमण के दौरान ऑटो चालक मिलने पर 500 जुर्माना वसूल कर रिहायशी क्षेत्र में ऑटो खड़ी कर मटन बेचने पर प्रतिबंध लगाया गया। धनोरा रोड हिंद तालाब मोड़ के निकट लगे पान ठेला को भी हटाया गया। नागरिकों ने शिकायत की थी पान ठेला सड़क किनारे है। ग्राहक सड़क पर दुपहिया वाहन रख देते है। इस वजह से आए दिन दुर्घटना होती है। निगम ने शिकायत के आधार पर बेदखली कार्रवाही की। वार्ड 27 हनुमान मंदिर पहुंच मार्ग पर घरों के सामने जाली लगाकर फुलवारी तैयार किया गया है। इस वजह से मार्ग अवरूद्ध हो गया। निगम ने 3 दिन का समय देते स्वतः जाली हटाने नोटिस जारी किया है। जाली नहीं हटाने पर निगम का तोड़ू दस्ता जाली को निकाल कर जब्त करने की कार्रवाई करेगा।

### आईएचएसडीपी आवास जवाहर नगर का आबंटन किया गया निरस्त



**भिलाई, 3 जुलाई ।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत आई.एच.एस.डी.पी. आवास योजनांतर्गत जवाहर नगर में आवास क्रं. 3/31 आबंटन किया गया है। जो कि आवंटित आवास स्वयं के उपयोग के लिए आबंटन किया जाता है। किन्तु दुर्गेश चौहान/ रमेश चौहान द्वारा आवास पर स्वयं निवास न कर अन्य व्यक्ति श्रीमती संगीता साव को किरायेदारी के रूप में दिया गया था। आवास के संरचना में परिवर्तन कर दिवार को तोड़कर दरवाजा खोला गया है। जोकि आवास आबंटन का ईकरारनामा/पटटा विलेख कि कंडिका क्रमांक 3 एवं 7 अनुसार आबंटिती हर समय पर अपना आवास अच्छी हालत में बनाये रखेगें। भवन में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जावेगा। आबंटित आवास स्वयं के आवासीय उपयोगार्थ ही होगा। उन्हें किसी अन्य को देने अथवा आवास किराए में देने, विक्रय , दान में देने अथवा किसी भी रीति से अन्य परिवर्तन करने का अधिकारी नहीं नहीं रहता है। सभी नियमों का स्पष्ट उल्लेख उल्लेख करके लिखित में दिया गया है । इसका उल्लंघन किसी भी आवंटिती को नहीं करना है।

# भिलाई निगम क्षेत्र में वन महोत्सव का आयोजन



**भिलाई, 3 जुलाई ।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र को हरा-भरा रखने के लिए 1 से 7 जुलाई तक विशेष वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक एवं अध्यात्मिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, औद्योगिक चेम्बर ऑफ कामर्स के सदस्यों के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत संजय नगर तालाब, नेहरू नगर समता उद्यान के समीप, कोहका भेलवा तालाब, स्मृति नगर नहर किनारे, शांति नगर, प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व व पश्चिम के उद्यानों, कुरूद ढांचा भवन तालाब के किनारे, कुरूद शीतला तालाब एवं शहर के अन्य विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। बीएसपी क्षेत्र में खुर्सीपार बी.एस.पी. कन्या शाला, सेक्टर 1 अम्बेडकर उद्यान, सेक्टर 4, सेक्टर 10 सड़क 33 आदि क्षेत्रो में भी पेड़ लगाए जा रहे हैं। इस अभियान में विभिन्न शासकीय संस्थाओ, स्कूलो, आंगनबाड़ी केन्द्रो, कालोनियों, अस्पताल परिसर, विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों, गौठानो, तालाबों, रोड़ किनारे, उद्यानों, नहर किनारे एवं व्यवसायिक क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई का प्रयास है कि देशी वृक्ष मुख्य रूप से नीम, करंज, अमलताश, पुत्रजीवा, गुलमोहर, पेल्ट्राफार्म, बादाम, कचनार, जामुन, मौलश्री जैसे महत्वूपर्ण पौधे ही रोपित किये जा रहे है। ये पौधे भौगोलिक वातावरण के रूप से हमारे शहर, प्रदेश एवं मानव जीवन के अनुकुल हैं। ये सब वृक्ष आसानी से बढ़ जाते हैं। निगम भिलाई के साथ वृक्षारोपण करने वाली सहयोगी संस्थाएं परमार्थी संस्था, आर्टकॉम, पर्यावरण मित्र मण्डल, सर्व धर्म सेवा संस्था, ऑक्सीजोन, नई पहल, शपथ फाउन्डेशन आदि का मिल के काम कर रही है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर क्षेत्र को हरा भरा रखने एवं जल संरक्षण हेतु पुराने कुंओ को पुनः जीवित करने एवं नये कुओ का निर्माण करने पर विशेष बल दिया है। महापौर नीरज पाल ने कहां है कि कि अभी समय है, सही समय है ।

### बीएसपी के साबरमती वेल्डिंग प्लांट ने बनाया नया रिकॉर्ड

**भिलाई, 3 जुलाई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के साबरमती स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट (एफबीडब्ल्यूपी) ने जून माह में 282 लॉन्ग रेल पैनल उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया है। एफबीडब्ल्यूपी ने मई में दर्ज 264 लॉन्ग रेल पैनल उत्पादन के पिछले सर्वश्रेष्ठ को पार किया। एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती से अब तक भारतीय रेलवे को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनलों के 22 रेक भेजे जा चुके हैं। इसके अंतर्गत वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल से जून अवधि में भेजे गए दस रेक और वित्त वर्ष 2023-24 में भेजे गए 12 रेक शामिल हैं।

## एक नजर

### 31 जुलाई तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने की अपील

**राजनांदगांव 5 जुलाई।** नगर निगम द्वारा राजस्व करों की वसूली के लिये सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। सहायक राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक घर घर जाकर सम्पत्तिकर, समेकितकर व जलकर की वसूली कर रहे है, साथ ही निगम के राजस्व कार्यालय में भी करों का भुगतान लिया जा रहा है। करदाताओं की सुविधा के लिये चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के सम्पत्तिकर का एकमुश्त भुगतान करने पर नियमानुसार छुट का लाभ दिया जा रहा है। इसी कडी में 31 जुलाई 2024 तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छुट दी जावेगी। इस संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि छ.ग.नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 137(1) के अधीन नियत तारीख के पूर्व चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में सम्पत्तिकर का एकमुश्त भुगतान करने पर छुट का लाभ दिया जा रहा है। उन्होने बताया कि 1 अप्रैल 2024 से 31 जुलाई 2024 तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छुट दी जा रही है। इसी प्रकार 1 अगस्त 2024 से 30 दिसम्बर 2024 तक भुगतान करने पर 4 प्रतिशत की छुट दी जावेगी। 1 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक 0 प्रतिशत छुट दी जायेगी। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि जिन करदाताओं के द्वारा सम्पत्तिकर का भुगतान किया जा रहा है, उन्हें नियमानुसार छुट दी जा रही है। उन्होनें कहा कि कुछ करदाता जिन्होंने लम्बे समय से अपने बकाया कर सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर व दुकान किराया का भुगतान नहीं कर रहे है, उन्हें नोटिस दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राजस्व अमला निगम के राजस्व कार्यालय के अलावा घर घर जाकर करदाताओं से करो का भुगतान करने अपील कर रहे है और उनका बकाया कर ले रहे है, इस माह 31 जुलाई तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छुट दी जावेगी। उन्होंने नागरिकों से सम्पत्तिकर का भुगतान कर छुट का लाभ लेकर नगर विकास में सहयोग करने की अपील की है।

### 52 पत्ती के शौकीनों पर छुरिया पुलिस की कार्रवाई



**राजनांदगांव 3 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब बिक्री/परिवहन जुआ, सट्टा की रोकथाम हेतु जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ श्री आशीष कुंजाम के प्रर्यवेक्षण में दिनांक 01/07/2024 को थाना छुरिया पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना मिलने पर की कुछ जुआडियान कल्लूबंजारी मासुल बांध के पास पास रुपए पैसे का दाव लगा कर 52 पत्ती तास से 03 पत्ती जुआ खेल रहे है मुखबिर के बताए स्थान पर रेड किया गया जहां 03 लोगो को जुआं खेलते पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से 52 पत्तीताश, 02. नगदी रकम 20500/-रूपये, पुराना अखबार जुमला कीमती 20500/-रूपये जप्त किया गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास सहायक उपनिरीक्षक एस0एल0कंवर, आरक्षक 160, 101, 460, 1683, 1445, 1594 का विशेष योगदान रहा।

### अपराध नियंत्रण के लिए एसएसपी को दिया ज्ञापन

**रायपुर 3 जुलाई।** प्रदेश की राजधानी की शांत फिजा में लगातार जहर घुल रहा है । नई सरकार आने के बाद शायद ही ऐसा कोई दिन बिता हो जिस दिन लूट, चाकूबाजी, नशा , सट्टा के मामले सामने ना आए हों । अपराधी बैकअप होकर शहर के हर हिस्से में चैन लूट रहे हैं ,चाकू मार रहे हैं, हत्या कर रहे हैं जिससे शहर की जनता में डर और आक्रोश है । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह को ज्ञापन देकर शहर में कानून व्यवस्था करने की मांग की । उन्होंने कहा कि भाठागांव में बस्तर से आए छात्र की बेदर्दी से हत्या की खबरों की स्याही सुखी भी नहीं थी शैलेंद्र नगर में कारोबारी के घर घुसकर हमले का मामला सामने आ गया । हर दिन मीडिया में चोरी, लूट , नकबजनी,हत्या का प्रयास, हत्या, बलात्कार की खबरें शहर की जनता को झकझोर रही है । ऐसा प्रतीत होता है अपराधियों को संगठित रूप से संरक्षण दिया जा रहा है जिसके कारण बेखौफ हो गए हैं । पुलिस का व्यवहार नागरिकों के साथ मित्र की तरह होना चाहिए पर हो इसका उल्टा रहा है । हमने बनाया है हम ही सवारेंगे का नारा देने वाली सरकार किसको संवारने में लगी है यह चिंतन का विषय है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह ने विश्वास दिलाया कि अपराध की जड़ नशे के खिलाफ कार्रवाई के साथ अब अड्डेबाजों से सख्ती से निपटने कार्रवाई की जाएगी, किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा । ज्ञापन देने गए प्रतिनिधि मंडल में कन्हैया अग्रवाल, सुरेश बाफना, संतोष बाघमार, शरद गुप्ता, मुकुंद कागदेलवार ,मनोज पाल ,पिंटू बैद,राजेश त्रिवेदी शामिल थे ।

### निधन

### सुनील साहू

**राजनांदगांव।** सुरगी चंचल होटल संचालक सुनील साहू निधनं हो गया जिसके अंतिम संस्कार में हजारों जनसंख्या रहा मिलनसार मृदुभाषी तथा ग्राम विकास समिति अध्यक्ष थे शोक सभा में सुरेन्द्र दाऊ पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव मधुसुकृत साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य रोहित चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य आनंद साहू सरपंच हेमंत साहू जीवन लाल साहू मुलचंद जैन सहित समाजिक एवं आस पास ग्रामीण जन उपस्थित रहा।

# सुश्री जया किशोरी के प्रेरक व्याख्यान से युवाओं को मिलती है नई ऊर्जा: मुख्यमंत्री




**रायपुर, 3 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राइज़ एंड शाइन विथ जया किशोरी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अंतराष्ट्रीय कथावाचक एवं यूथ मोटिवेटर सुश्री जया किशोरी के यहां आने से यहां उपस्थित सभी लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट है। यूट्यूब में इनके प्रेरक वीडियोज़ बहुत पसंद किए जाते हैं। जब मेरे पास कुछ व्यक्तिगत समय निकल पाता था तो यूट्यूब में इनके मोटिवेशनल और आध्यात्मिक वीडियोज़ मैं स्वयं देखता था। आप लोग इनसे प्रेरित हैं, मुझे भी जब कभी सुनने अवसर मिलता है, तो प्रेरित होता हूं। सुश्री जया किशोरी के प्रेरक व्याख्यान से युवाओं को नई ऊर्जा मिलती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य हम भारत की युवा शक्ति के दम पर हासिल करेंगे। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। यहां युवाओं की संख्या जनसंख्या में सर्वाधिक है। इस तारतम्य में हम विकसित छत्तीसगढ़ को दृष्टिगत रखते हुए जो विजन डॉक्यूमेंट बना रहे हैं, इसमें युवाओं की शिक्षा, प्रतिभा, रोजगार, कौशल विकास तथा स्वरोजगार आदि में युवाओं के लिए अवसर और विकास मे उनकी समग्र भागीदारी पर हमारा फोकस होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इस कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से कहना चाहता हूं कि आप लोगों की ताकत और ऊर्जा से ही हम छत्तीसगढ़ का पुनर्निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुश्री जया किशोरी ने अपने प्रेरक व्याख्यान से छत्तीसगढ़ के लोगों को लाभान्वित किया और युवाओं को प्रेरित किया। उसके लिए मैं उन्हें पुनः धन्यवाद देता हूं। राइज़ एंड शाइन विथ जया किशोरी कार्यक्रम लल्लूराम डॉट कॉम और न्यूज 24 एमपी सीजी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इस अवसर पर विधायक श्री राजेश मूणत व श्री मोतीलाल साहू भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम का लाभ उठाया।

# रानी दुर्गावती स्वाभिमान और स्वतंत्रता का प्रतीक है: छन्नी चंदु साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 3 जुलाई।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत छुरिया में आदिवासी ध्रूव गोड़ एवं समस्त मुड़ा तहसील इकाई छुरियां के समाज बंधुओं ने एक होकर वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालीतानाखार विधायक श्री तुलेश्वर मरकाम जी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रीमति छन्नी चन्दू साहू जी उपस्थित होकर सर्वप्रथम वीरांगना रानी दुर्गावती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रीमति साहू ने अपने संबोधन में कहा कि रानी दुर्गावती के बलिदान को समाज को याद करना चाहिए, लगभग 16 वर्षों के शासनकाल में रानी ने अनेको निर्माण कार्य करवाये रानी की दूरदर्शिता और प्रजा के कल्याण के प्रति संकल्पित होने का प्रमाण है, कि उन्होंने अपने निर्माण कार्यों में जलाशयों पुलों और मार्गो को ज्यादा प्राथमिकता दी जिससे जलाशयों से किसान सिंचाई के लिए पानी प्राप्त कर सके मध्य प्रदेश के रानीताल,चेरीताल, आधार ताल, जैसे निर्माण रानी की दूरदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का ही परिणाम है। रानी दुर्गावती अपने शासनकाल में नारी की सुरक्षा और सम्मान की ज्यादा चिंता की। रानी दुर्गावती स्वाभिमान और स्वतंत्रता का प्रतीक है वीरांगना दुर्गावती ने बलिदान की जिस परंपरा की शुरुआत की उस पथ को कई वीरांगनाओं ने अनुसरण किया ,और गोंडवाना राज्य की पीढ़िया ने भारत माता की स्वतंत्रता और स्वाभिमान के लिए रानी दुर्गावती की बलिदानी परंपरा को आगे बढ़ाया राष्ट्र रक्षा स्वाभिमान और स्वतंत्रता के लिए वीरांगना रानी दुर्गावती और उनके वंशजों के बलिदान पर आने वाली पीढ़िया सदैव गर्व करेगी ।इस अवसर पर सामाजिक बंधु तहसील अध्यक्ष शेरसिंह गोड़िया, बी एल कोर्राम हेमलाल मरकाम, संतोष पडौती, देवकुमार पडौती, रमेश उइके, मनभावन उइके ,राजेश्वर ध्रुवे,आदि उपस्थित थे।

# आयुक्त ने स्वच्छता अपनाने सफाई में सहयोग करने नागरिकों से की अपील



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 जुलाई।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज सुबह सफाई व्यवस्था देखने निकल कालोनी एवं जीई रोड में सफाई का निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मचारियों से निर्धारित समय तक सम्पूर्ण क्षेत्र में साफ सफाई करने के निर्देश दियें। उन्होंने साफ सफाई रखने, सफाई में सहयोग करने नागरिकों से भी अपील की है। आयुक्त श्री गुप्ता सफाई निरीक्षण में आज जी.ई.रोड, अनुपंम नगर, आर.के.नगर, दिग्विजय कालेज रोड में सफाई का जायजा लेकर सफाई कर्मियों से रूबरू हो निर्धारित समय दोपहर 1 बजे तक साफ सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि बरसात में पानी भरान की स्थिति निर्मित होती है, जिसे ध्यान में रखकर नाली नालों की अच्छे से सफाई करे, कचरा नियमित रूप से उठावे, पानी भरान क्षेत्रों में कच्ची नाली खोदे तथा दवाई का छिडकाव करे, मच्छर न पनपे इसके लिये गड्ढों में जला आईल डाले। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वच्छता निरीक्षक, सफाई दरोगा, वार्ड चपरासी से कहा कि वर्तमान में सफाई ठेका निरस्त हो गयी है। जिसके कारण ठेका वार्डो में साफ सफाई प्रभावित न हो इसके लिये निगम के सफाई कर्मी व प्लेसमेंट कर्मी सभी वार्डो में नियमित रूप से सफाई करेंगे। इस संबंध में आप लोग रूप रेखा तैयार कर कर्मचारियों से साफ सफाई करावे, जिससे सम्पूर्ण क्षेत्रों में सफाई हो सके। उन्होंने कहा कि सफाई ठेका होते तक सभी वार्डो में कर्मचारियों की पर्याप्त उपस्थिति रहे, बिना कारण किसी भी कर्मचारी को छुट्टी न देवे, सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करेंगे, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। बरसात में किसी भी प्रकार की सफाई में लापरवाही न हो इसका भी ध्यान रखे, लोगों को भी साफ सफाई के प्रति जागरूक करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि बरसात के दिनों में संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका रहती है, जिसे ध्यान में रखते हुये स्वच्छता अपनावे, डेंगू मलेरिया जैसे संक्रामक बीमारी से बचने घरों में पानी जमा न होने दे, पानी उबालकर छान कर पीये, सडे गले खाद पदार्थो का उपयोग न करे, अभी के विषम परिस्थिति में साफ सफाई में निगम को सहयोग करे।

### देवसंस्कृति विश्वविद्यालय से मोतिम गंगा लोधी ने ली पीएचडी की उपाधि



**डोंगरगढ़ 3 जुलाई।** विकासखंड के ग्राम भोथली निवासी श्रीमती मोतिम गंगा लोधी ने दुर्ग जिला के देव संस्कृति विश्व विद्यालय से पीएचडी की उपाधि लेने पर समाज के लोगो मे हर्ष का मौहोल है प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिला विकासखंड डोंगरगढ के ग्राम भोथली निवासी श्रीमती मोतिम लोधी पति डुमेंद्र लोधी ने शोध कार्य पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की है यह उपाधि उन्हें शोध प्रबंध हिन्दी विभाग सेडॉ. बृजेश सिंह के सानिध्य में अभिव्यक्त राष्ट्रीय चेतना,, पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय सांकरा जिला दुर्ग ने पीएचडी की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया।इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. रवेंद्र कुमार सोनी जी के कुशल निर्देशन में पूरा किया अपनी सफलता का श्रेय अपने पति श्री डुमेंद्र लोधी व परिवार तथा शिक्षकों को दिया है उन्ही के प्रेरणा और सहयोग से ही यह सफलता मिली है डॉ0 मोतिम लोधी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि हमारा पूरा परिवार जनों व गुरूजनों तथा मित्र जनो का सहयोग रहा अपने सफलता पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय सांकरा के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया।

# एसएलआरएम सेन्टर सुपरवाईजर, स्वच्छता निरीक्षक, सफाई दरोगा को दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 3 जुलाई।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य अमला के लिये निगम सभागृह में डेंगू एवं मलेरिया के रोकथाम एवं बचाव हेतु कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में डब्लू.एच.ओ. के प्रतिनिधि डॉ. राजेन्द्र सिंह के द्वारा डेंगू एवं मलेरिया के लक्षण एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी गयी। कार्यशाला में डॉ. राजेन्द्र सिंह ने निगम सीमाक्षेत्र में पर्याप्त साफ सफाई रखने, पानी जमा नहीं होने सफाई अमला को समझाईस दिये। उन्होने कहा कि एडिस मच्छर स्थिर एवं साफ पानी में पैदा होते है, इसके लिये कुलर में पानी जमा नहीं होने देना है, उसे साफ कर प्रति सप्ताह साफ पानी भरना है, इसके अलावा घर के खुले गड्ढे, गमले एवं पुराने टायर आदि में पानी जमा न होने दे, पानी जमा होने पर उन्हें तुरन्त खाली करे, क्योकि इसमें डेंगू के लार्वा पैदा हो सकते है। उन्होंने कहा कि पानी के गड्ढे में जला आईल डाले जिससे मच्छर का लार्वा नष्ट हो जा सके। मच्छरों से बचाव के लिये घर के दरवाजे व खिडकियो राज्य सलाहार सुश्री स्निग्धा पटनायक ने कहा कि डेंगू मलेरिया मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है, जिससे सावधानी बरतकर बचा जा सकता है। यह समान्यतः बारिश के दिनों में होने वाली बीमारी है। उन्होंने कहा कि आप सभी सफाई अमला स्वयं सावधानी बरते तथा वार्डो में भी लोगों को इसके लक्षण एवं बचाव के संबंध में जानकारी देवे। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे, तथा लोगों को भी साफ सफाई रखने समझाईस देवे, तभी इन बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यशाला में निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल, जिला शहरी कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री पूजा मेश्राम, जिला सलाहकार श्रीमती संगीता पाण्डेय सहित एसएलआरएम सेन्टरों के सुपरवाईजर, स्वच्छता निरीक्षक, सफाई दरोगा उपस्थित थे।

### दिगर राज्य मध्यप्रदेश निर्मित शराब पर सुकुलदैहान पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त कार्रवाई

# अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर राजनांदगांव पुलिस की गिरफ्त में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 3 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के दिशा-निर्देश पर लगातार अवैध शराब तस्करों एवं शराब कोचियों पर कड़ी कार्यवाही जारी है। इसी तारतम्य में मुखबीर सूचना पर दिनांक- 01.07.2024 को रात्रि 11/20 बजे सूचना प्राप्त हुई कि एक स्कार्पियो वाहन क्रमांक सी.जी.-09-जे.एम.-7643 में भारी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन करते हुए मोहारा डोंगरगढ़ की ओर से ग्राम मकरनपुर होते हुए दुर्ग, भिलाई के लिए निकल रहा है। सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस चौकी सुकुलदैहान एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम थाना लालबाग क्षेत्रांतर्गत स्थित ग्राम मकरनपुर से पेण्डी जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी किया गया। कुछ देर बाद पेण्ड्री की ओर से 02 चारपहिया वाहन आते दिखाई दिया। दोनों वाहनों को पुलिस द्वारा रोका गया तब दोनों वाहनों के चालक अपने-अपने गाड़ी को छोड़कर भागने लगे जिसे उपस्थित सायबर सेल एवं सुकुलदैहान पुलिस स्टाफ द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया। वाहन क्रमांक महिन्द्रा एस.यू.व्ही.300 क्रमांक सी.पी.-25-एम.-1025 के चालक से पूछने पर अपना नाम अनिल कुमार वर्मा पिता स्व. शंभूप्रसाद वर्मा उम्र 57 वर्ष निवासी कबीरकुटिर के सामने कवर्धा रोड़ जिला बेमेतरा बताया तथा पीछे से आ रहे स्कार्पियो वाहन क्रमांक सी.जी.-09-जे.एम.-7643 के चालक से पूछने पर अपना नाम रमाशंकर सिंह पिता स्व. अमृत लाल उम्र 54 साल निवासी सुपेला मार्केट भिलाई, जिला दुर्ग का रहने वाला बताया। मौके पर विधिवत गवाहों के समक्ष तलाशी लिया गया वाहन क्रमांक महिन्द्रा एस.यू.व्ही.300 क्रमांक सी.पी.-25-एम.-1025 में (01.)- 04 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कुल 200 पौवा किमती 23,000/- रू., (02.)- 03 पेटी मेक्डावल नम्बर-01 अंग्रेजी शराब 36 बाटल किमती 35,460/- रू., (03.)- 03 पेटी रायल स्टेज अंग्रेजी शराब 36 बाटल किमती 44,640/- रू., उक्त वाहन से कुल जुमला शराब 10 पेटी किमती 1,03,100 रू. तथा जप्त शुदा चार पहिया वाहन किमती 8,50000 रू. कुल किमती मशरूका 9,53,100 रू. बरामद हुआ, तत् पश्चात दूसरे वाहन क्रमांक सी.जी.-09-जे.एम.-7643 स्कारपियो को मौके पर विधिवत गवाहों के समक्ष तलाशी लेने पर, (01.) - 10 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कुल 500 पौवा किमती 57,500/- रू., (02) - 04 पेटी रायल स्टेज अंग्रेजी शराब 48 बाटल किमती 59,520/- रू.।

## समाचार संक्षेप

### हालेकोसा में मना प्रवेश उत्सव एवं शिक्षक विदाई समारोह



**छुरिया 3 जुलाई।** शास. प्राथ एवं पूर्व मा-शाला हालेकोसा में शाला प्रवेश उत्सव एवं सेवानिवृत्त शिक्षक दयालू राम चौधरी की विदाई समारोह कार्यक्रम मैं मुख्य अतिथि दयालु राम चौधरी सेवा निर्वित शिक्षक, अध्यक्षता किरण वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया ,विशिष्ट अतिथि के रूप मेंअनिता कुंजाम सरपंच हालेकोसा,संतोषी चंद्रवंशी उप सरपंच ,श्रीमती ओमिन पटेल पूर्व सरपंच , जोधी लाल साहू समाजसेवी, चैत्र लाल निषाद , ओम लाल साहू , नैन सिंह पटेल महामंत्री भाजपा , राजेश दास मोंगरे , फूलचंद ठाकुर , प्रेमी चंद साहू समाजसेवी एवं समस्त पंचगण थे। दिनांक 1.7.2024 को शास. प्राथ. एवं पूर्व माध्य. शाला हालेकोसा में शाला प्रवेश उत्सव एवं सेवानिवृत्त शिक्षक श्री दयालू राम चौधरी का बिदाई कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों कौं तिलक लगा कर स्वागत किया गया। पाठ्?यपुस्तक गववेश अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही ग्राम हालेकोसा की कक्षा 10वी की छात्रा हु. वंशिका साहू को छत्तीसगढ में 6वां रैंक एवं जिला में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शाला परिवार हालेकोसा द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही न्योता भोज का आयोजन लोकेश साहू सी एस सी बेंदाडी द्वारा खीर ,पूड़ी,सब्जी दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संकुल समन्वयक दुलार सिंग साहू, प्रभारी प्रधान पाठक महेश कुमार सिन्हा, क्क्ष्ट्स प्रधान पाठक धननाथ मरकाम, कार्तिक्रराम धृतलहरे शिक्षक एवं बी.आर.सी पी.डी.साहू उपस्थित थे।

### विहिप बजरंग दल ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन



**डोंगरगढ़ 3 जुलाई।** लोकसभा की कार्यवाही के दौरान राहुल गांधी द्वारा दिए बयान को लेकर बवाल मच गया है। राहुल के हिन्दू हिंसा करता है हिन्दू विरोधी बयान पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड डोंगरगढ़ के कार्यकर्ताओ ने श्री हनुमान चौक में राहुल गांधी का पुतला जला कर विरोध जताया साथ ही नगर के धार्मिक हिन्दू संगठन व राजनीतिक दल ने रैली निकाल नारे बाजी कर प्रदर्शन किया व लोकतंत्र के मंदिर में अपने हिन्दू विरोधी मानसिकता के चलते राहुल ने सम्पूर्ण हिन्दू समाज का अपमान किया है सम्पूर्ण समाज से इस बयान के लिए माफी मांगने की मांग की। बजरंग दल जिला सह संयोजक हनी गुप्ता ने बताया कि लोकसभा सत्र के दौरान पहले दिन भारत के समस्त हिन्दू समाज के लिए अमर्यादित बयान राहुल गांधी ने दिया जिससे सम्पूर्ण हिन्दू समाज से माफी मांगी चाहिए हर बार राहुल गांधी कभी हिन्दुओ को आतंवादी, हिन्दू मंदिर लड़की छेड़ने जाते है,भगवा आंतकवाद है ऐसे बयान देकर खुद को दूसरे समाज का हितैषी साबित करना चाहते है हिन्दू समाज सदा वसुधैव कुटुंबकम की बात कहता है सम्पूर्ण विश्व का कल्याण हो कि कामना करता है की बात कही जिसमें बड़ी संख्या में विश्वनाथ यादव,करनैल भाटिया,विनीत यादव,विजेंदर ठाकुर,सतेंद्र बिसेन,बाल मुकुंद तराने,नगर संयोजक बजरंग दल ऋषभ डकहा,मनीष समुन्द्रे,अतुल बिरहा,अमन नामदेव,कुश मालेकर,अनुज शर्मा,जय टम्टा,आकाश ठाकुर,हिमांशु गुप्ता,पुष्प तराने,वंश शर्मा,अभय डकहा युवा मोर्चा के जयंत साहू, आदित्य मिश्रा,सत्यम यादव, गणेश साहू ,जय साहू,डिम्पी,सोमेंद्र गजेंद्र,बंडू निगम व अन्य सभी उपस्थित रहे।

### अवैध लकड़ी के गोले व अवैध मुरुम खनन पर राजस्व विभाग की कार्रवाई



**डोंगरगढ़ 3 जुलाई।** जिला कलेक्टर के निर्देशन में अवैध कटाई,अवैध उत्खनन के रोकथाम के लिए लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। इसी कड़ी में अवैध लकड़ी के गोलों व अवैध मुरुम खुदाई की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर को अवगत करा मार्गदर्शन में डोंगरगढ़ एसडीएम उमेश पटेल के निर्देश पर नायब तहसीलदार आकांक्षा साहू सहित राजस्व टीम लाल बहादुर नगर व वन अमला विधानसभा डोंगरगाँव क्षेत्र के ग्राम रामाटोला, धनडोंगरी, मेढा व नवागांव में अवैध रूप से वृक्षो की कटाई कर गोले सड़क किनारे पाए गए। इन वृक्षों के गोलो के संबंध में पूछताछ करने पर इसकी जिम्मेदारी लेने वाला कोई सामने नहीं आया जिसके बाद वृक्षों के गोलों की नापजोक कर जप्ती की कार्यवाही कर वन विभाग को सौंपा गया है। वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत बिच्छीटोला के आश्रित ग्राम कुम्हडाटोला में अवैध मुरुम खनन कर परिवहन की शिकायत के बाद मौकास्थल से एक जेसीबी व मुरुम भरे एक हाइवा की जप्ती बनाकर कार्यवाही की गई है।

## संपादकीय

# सुरक्षित स्थान हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार

साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। इसे मुहैय्या कराना राज्य प्राधिकरण का दायित्व है। बंबई उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने यह कहा। फुटपाथ और सड़कों को प्रधानमंत्री और अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिए एक दिन में खाली कराया जा सकता है, तो सभी लोगों के लिए रोज ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता। अदालत ने यह भी कहा कि नागरिक कर देते हैं, उन्हें साफ फुटपाथ और चलने की सुरक्षित जगह की जरूरत है। राज्य सरकार के सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता और बरसों से अधिकारियों द्वारा इस मुद्दे पर काम करने की बातें बनाने पर भी अदालत ने नाराजगी जताई। इस दिशा में कठोर कदम उठाने के साथ ही संबंधित अधिकारियों में इच्छाशक्ति की कमी की बात भी की। यह हालत केवल महानगरों की ही नहीं है। अव्वल तो फुटपाथ बमुश्किल नजर आते हैं। उन पर जबरदस्त कब्जा है। रेहड़ी-खोमचे वाले तो फुटपाथों को घेर ही लेते हैं। बड़े दूकानदार भी अपने माल के प्रदर्शन और फिजूल/रद्दी सामान रखने के लिए उसका अतिरिक्त स्थान की तरह धड़ल्ले से उपयोग करते हैं। कई स्थानों पर फुटपाथों को पार्किंग स्थल बना कर प्राधीकरण खुद वसूली के ठेके देता नजर आता है। अनधिकृत फेरी वालों और रेहड़ी वालों के लिए किसी भी सरकार और प्राधिकरण द्वारा कोई विशेष स्थान तय नहीं किया जाता। यह सच है कि अपने यहां घूम-घूम कर तथा अस्थायी तौर पर बैठकर सामान बेचने वाले बहुसंख्य लोग हैं। यह उनकी रोजी-रोटी है। इन्हें उजाड़ा जाना कतई उचित नहीं कहा जा सकता। मगर आर्थिक तौर पर कमजोर लोगों को मदद किया जाना भी जरूरी है। भारतीय संविधान के अनुसार, 1950 के अनुच्छद 19(1)(छ) में कमजोर वर्ग को फुटपाथ पर काम करने से रोका नहीं जा सकता। जैसा कि अदालत ने कहा, प्रधानमंत्री और अन्य विशिष्टों के लिए मिनटों में खाली कराए जाने वाले फुटपाथों को आम नागरिक के लिए मुहैया कराने का कोई प्रयास नहीं होता। छोटे बच्चों, बुजुगरे तथा पैदल चलने वाले अन्य लोगों की सुविधा की अनदेखी पूरे देश में होती है जिसके लिए बेशक, राज्य सरकारें दोषी कही जा सकती हैं। यही कारण है कि सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाने वालों में पैदल यात्रियों की संख्या में कोई कमी नहीं आ रही है।

समसामयिक

मनोज कुमार अग्रवाल

# मौत बांटने वाला सत्संग :कौन है सौ से अधिक श्रद्धालुओं की मौत का जिम्मेदार ?



वह सब निम्न व निम्न मध्यम वर्ग के आस्थावान लोग थे जो एक स्वयंभू बाबा के सत्संग में हिस्सेदारी करने के लिए श्रद्धा के वशीभूत होकर पहुंचे थे लेकिन भारी भीड़ और उमस भरी गर्मी के कारण पैदा हुए दमघोटू माहौल में प्रवचन के बाद बाबा के पांव छूने की होड़ से भगदड़ मच गई और एक सौ बीस से अधिक श्रद्धालुओं के लिए मौत का सत्संग साबित हुआ है। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में यह हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां मंगलवार ( 2 जुलाई ) की शाम सत्संग में हुए एक बड़े हादसे में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने के खबर हैं. यह सत्संग नारायण साकार विश्व हरि भोले बाबा का था. सत्संग में अचानक भगदड़ मच गई, जिसमें अब तक 120 से ज्यादा लोगों के मरने के सूचना मिली हैं. मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है ।आस्था और श्रद्धा का जब धर्म के आवरण में छिपे चालाक लोग स्वयं को पुजवाने के लिए इस्तेमाल करते हैं तो उस की एक परिणिति इतनी भयावह और हृदय विदारक हो सकती है यह तमाशबीन बने प्रशासन को गुमान तक न था।

बता दें कि हाथरस के सिकंदराराऊ जीटी रोड स्थित थाना क्षेत्र के गांव फुलरई में आयोजित भोले बाबा के सत्संग में आए लोगों में भगदड़ मच गई. जिसमें एक सौ सात से अधिक लोगों के मरने की पुष्टि की जा चुकी है। फिलहाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दर्जनों लोग बेहोशी की हालत में इलाज के लिए पहुंच रहे, मिली जानकारी के अनुसार, घायलों को टेम्पो, बस, ट्रक में डाल कर जिला अस्पताल ले जाया गया . इस घटना को लेकर हाथरस जिले के डीएम व एसपी घटनास्थल पर पहुंचे वहीं राज्य सरकार के कई मंत्री समेत वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का अमला मौके पर पहुंचा और राहत कार्य में जुट गए ।

इस तरह एक सत्संग बेचारे भक्ति भाव वाले अभागे लोगों के लिए मौत का संग बन गया। बताया जा रहा है कि यह सत्संग संत नारायण हरी उर्फ भोले बाबा ने आयोजित किया था। हाथरस-एटा सीमा के पास रतिभानपुर स्थित आश्रम में संत भोले बाबा का प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए थे। मौसम के कारण टेंट में अत्यधिक नमी और गर्मी थी, जिससे अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हो गई और भगदड़ में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो गई ।जानकारी के अनुसार, अचानक भगदड़ के दौरान ये घटना घटी है। कई लोग मौके पर बेहोश हो गए थे. फिलहाल, प्रशासन द्वारा इस घटना की जांच की जा रही है ।मौके पर मौतों का इतना भयावह दृश्य था कि यूपी पुलिस के एक सिपाही को इसे देखकर हार्ट अटैक आ गया और उसकी भी मौत हो गई। बताया जाता है कि हाथरस समेत पूरे इलाके में भोले बाबा काफी समय से सत्संग करवाते हैं. वह पहले पुलिसकर्मी थे और भोले बाबा का सत्संग शुरू किया. स्थानीय लोगों के मुताबिक करीब 10 सालों से सत्संग चलता है. मंगलवार को हाथरस के सिंकराराउ के रत्तीभानपुर में सत्संग हो रहा था. सत्संग में करीब 5 से 10 हजार लोग जुटे हुए थे.रिपोर्ट्स के मुताबिक गर्मी ज्यादा थी और भगदड़ हो गई. एक के ऊपर एक लोग भागने लगे, यह जानलेवा साबित हुआ. अभी तक 87 की मौत की खबर, करीब 150 घायल बताए जा रहे हैं. घायलों को एटा ले जाया गया, कुछ को सिंकराहाउ के ट्रामा सेंटर में भर्ती



कराया गया है। नारायण हरि या भोले बाबा कौन हैं जिन्होंने खुफिया विभाग की नौकरी छोड़ दी थी। जिस सत्संग में यह घटना घटी, उसका संचालन नारायण हरि करते थे, जिन्हें भोले बाबा के नाम से भी जाना जाता है, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे राजनीति से जुड़े हुए हैं। उनके मंच पर कई बार उत्तर प्रदेश के कई बड़े नेता नजर आ चुके हैं। हरि मूल रूप से उत्तर प्रदेश के एटा जिले के बहादुर नगरी गांव के रहने वाले हैं, जहां उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी की। पढ़ाई पूरी करने के बाद, वे पुलिस की एलआइयू यूनिट में सिपाही बतौर शामिल हो गए और अध्यात्म की ओर रुख करने से पहले लंबे समय तक काम किया। आध्यात्मिक जीवन में प्रवेश करने के बाद, उन्होंने अपना नाम बदल लिया और नारायण साकार हरि के नाम से जाने जाने लगे ।नारायण साकार हरि भगवा वस्त्र या कोई अलग पोशाक नहीं पहनते हैं। उन्हें अक्सर सफेद सूट, टाई और जूते और कभी-कभी कुर्ता-पायजामा में देखा जाता है। 1990 के दशक में साकार हरि ने अपनी सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया और खुद को तथाकथित आध्यात्म में डुबो लिया ।दावा है कि समागमों के दौरान मिलने वाला कोई भी दान, चढ़ावा या अंशदान वे अपने पास नहीं रखते, बल्कि भक्तों पर खर्च कर देते हैं ।नारायण साकार हरि, जिन्हें साकार विश्व हरि या भोले बाबा के नाम से भी जाना जाता है, का जन्म पटियाली तहसील के बहादुर गांव में हुआ था। भोले बाबा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली सहित पूरे भारत में लाखों अनुयायी हैं।

बाबा के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। सूत्र बताते हैं कि हाथरस में सत्संग कराने वाले आरोपी बाबा पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि यह सत्संग संत भोले बाबा द्वारा कराया गया था। हाथरस-एटा सीमा के पास रतिभानपुर स्थित आश्रम में संत भोले बाबा का प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे थे ।बाबा को सोशल मीडिया से दूर रहना पसंद है। खास बात यह है कि इंटरनेट के इस दौर में वे दूसरे साधु-संतों और कथावाचकों से अलग सोशल मीडिया से दूर रहते हैं। भोले बाबा का किसी भी प्लेटफॉर्म पर कोई आधिकारिक अकाउंट नहीं है। कथित भक्तों का दावा है कि नारायण साकार हरि यानी भोले बाबा के जमीनी स्तर पर काफी संख्या में अनुयायी हैं। नारायण साकार हरि के दरबार में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भी हाजिरी लगा चुके हैं। बीते साल 2023 में ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी उनके कार्यक्रम में पहुंचे थे. उन्होंने एक्स पर सत्संग में हिस्सा लेने की तस्वीरें शेयर करते हुए एक पोस्ट भी लिखा था. इसमें अखिलेश यादव ने कहा था कि नारायण साकार हरि की सम्पूर्ण ब्रह्मांड में सदा-सदा के लिए जय जयकार हो। इस हादसे के बाद इस कथित बाबा और आयोजकों ने लोगों की कोई मदद करना तो दूर बाबा मौके से अंडरग्राउंड हो गए। बताया जाता है कि कोरोना के समय में भी इस बाबा ने सत्संग आयोजित कर प्रशासन के लिए मुसीबत खड़ी कर दी थी। उस समय पचास हजार की भीड़ जुट गई थी। दरअसल यह बाबा दलित समाज से है इस बाबा की पश्चिमी व पूर्वी यूपी के दलित समाज में गहरी पैठ है और बड़ी संख्या में इस के अनुयायी हैं जिसके चलते इस के सत्संग में बड़ी संख्या में पिछड़े वर्ग के लोगों की उपस्थिति होती है। सवाल यह है कि जब हाथरस के समागम की परमिशन दी गई तब जिला प्रशासन ने इस आयोजन के लिए पर्याप्त व्यवस्था क्यो नही की। प्रवेश और निकासी के लिए संकरे रास्ते इस हादसे की बड़ी वजह बने ।किसी भी आयोजन के लिए यह सबसे बेसिक बात है कि वहां प्रवेश और निकासी के साथ आपात स्थिति के लिए भी निकासी के रास्ते होने चाहिए लेकिन प्रशासन ने सिर्फ चालीस पुलिस वालों की ड्यूटी लगाकर कर्तव्य की पूर्ति कर दी यही कारण है कि इतनी बड़ी जनहानि हुई लोगों के लिए यह सत्संग मौत का संग बन गया। मुख्यमंत्री योगी ने तत्काल राहत की व्यवस्था की स्वयं देखरेख की संभव है कि योगी बुधवार को हाथरस का दौरा कर सकते हैं। उधर लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण के दौरान पीएम मोदी ने हाथरस हादसे की सूचना मिलते ही हादसे में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की और आश्रितों व घायलों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## आज का राशिफल

मेष राशिःआज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिला सकता है। आज पारिवारिक रिश्ते में अपनापन महसूस होगा। किसी कारण से पिताजी आपको कोई नयी जिम्मेदारी दे सकते हैं, जिसे आप पूरी तरह निभाएंगे। जमीन जायदाद से जुड़ा कोई काम पूरा हो सकता है। आज साझेदार की गतिविधियों पर ध्यान दें। रोजगार में नई उपलब्धि मिलने के योग बन रहे हैं। किसी काम में जल्दबाजी नहीं करेंगे तो आपका काम आसानी से हो जायेगा।

वृष राशिःआज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। आज आपको कोई बड़ी खुशखबरी भी मिलने वाली है। आज कुछ नजदीकी यात्रा होने के योग भी बन रहे हैं। आज अपने व्यस्त समय से कुछ समय धार्मिक व आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए भी जरूर निकालें, इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देंगे, सफलता जल्द ही आपके कदम चूमेंगी। आज बिजनेस संबंधी ज्यादातर काम ठीक से पूरे हो जाएंगे।

मिथुन राशिःआज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेगी। आज बच्चों का रिजल्ट देखकर मन प्रसन्न होगा। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। आज पर्सनल लाइफ से संबंधित किसी भी प्रकार का रिस्क लेने से परहेज करेंगे। आज कार्यक्षेत्र में लाभ की अपेक्षा मेहनत की अधिकता रहेगी। परंतु फिर भी आप पूरी मेहनत और आत्मविश्वास के साथ काम करेंगे।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। आज अन्य गतिविधियों में व्यस्तता की वजह से आपका खुद का कोई महत्वपूर्ण काम अधूरा भी रह सकता है। आज बच्चों की गतिविधियों तथा संगति पर कड़ी नजर रखेंगे। आज कोई भी कार्य संबंधी योजनाएं बनाते समय, उसके सभी पहलुओं पर उचित विचार विमर्श कर लें। लवमेट आज कहीं घूमने का प्लान कर सकते है। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

सिंह राशिः आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आपके बच्चे आपको प्रसन्न होने की वजह देंगे। आज आप व्यक्तिगत कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज व्यवसायिक व्यवस्था को बनाए रखने में आपका योगदान जरूरी है। आज कोई बाहरी व्यक्ति आपके कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में कुछ रुकावटें डाल सकता है। आज कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाने से उनकी कार्य क्षमता बेहतर होगी। स्टेशनरी का व्यापार कर रहे लोगों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही चल रही है, तो उसमे निश्चित ही सफलता मिलेगी। आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको सशक्त महसूस करेंगे। आज आपको यह ध्यान रखना होगा कि नकारात्मक विचार आपके मनोबल को कमजोर कर सकते हैं। आज ऑफिस के जिम्मेदारी पर गंभीरता से ध्यान दें। पारिवारिक सदस्यों का आपसी सहयोग घर के वातावरण को सुखद और मधुर बनाकर रखेगा।

तुला राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग की सहायता मिलेगी। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से आसानी से मदद मिल जायेगी। आज आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी।

वृश्चिक राशिः आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे, साथ ही आज किसी महत्वपूर्ण या राजनीतिज्ञ से मुलाकात फायदेमंद होगी। आज कारोबार में आपको फायदा होगा। इस राशि के ट्रेडिंग और बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष फलदायी है। आज सामाजिक कार्यों में मन लग सकता है। आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी। आज कुछ अच्छे लोगों से भी आपकी मुलाकात हो सकती है। आज आप कुछ नये विचारों पर काम कर सकते हैं।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में लाभ पाने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी। साथ ही आज आपको वाद-विवाद से दूर रहना होगा ताकि आप अपना मन काम में लगा सके। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे। आर्थिक रूप से आज आपको सफलता मिलेगी।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में अभी और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। लवमेट के रिश्ते में सुधार आयेगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपके सारे काम असानी से पूरें हो जायेंगे।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जायेगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनायेंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी। बिल्डर्स के लिए आज का दिन अच्छा है, नये कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा मुनाफा होगा। आज कोई दोस्त आपसे मिलने घर आयेगा जिससे अपनी पर्सनल बातें डिस्कस करेंगे।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। कार्यस्थल पर आपका व्यवहार अच्छा रहेगा। आज पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे हो सकते हैं। कामकाज निपटाने के नए तरीके भी आपको मिल सकते हैं। दोस्तों के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। विद्यार्थी आज काम और पढाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

## व्यंग्य

# नल-जल योजनाः एक गांव की कड़वी हकीकत

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



नल-जल योजना, यह नाम सुनते ही हर किसी के चेहरे पर एक चमक आ जाती है। लोग सोचते हैं, अब तो हमारे गांव में भी पानी की किल्लत खत्म हो जाएगी। लेकिन हकीकत इससे परे है। यह कहानी एक छोटे से गांव की है, जहां इस योजना के तहत होने वाले कामों ने गांववालों की जिंदगी को नर्क बना दिया। यह कहानी 'धन्यपुर' नामक गांव की है, जहां के लोग सरल, मेहनती और सच्चे दिल के होते हैं। गांव के प्रधान, रामदीन सिंह, हमेशा गांववालों के भले की सोचते थे। एक दिन, सरकार की ओर से एक घोषणा आई कि धन्यपुर में नल-जल योजना लागू की जाएगी। रामदीन और गांववाले बहुत खुश हुए।
काम की शुरूआत बड़ी धूमधाम से हुई। गांव की मुख्य सड़कें खुदाई के लिए चुनी गईं। ट्रैक्टर और खुदाई मशीनों की गूंज से गांव का हर कोना भर गया। सभी को उम्मीद थी कि जल्द ही उन्हें साफ और पर्याप्त पानी मिलेगा। लेकिन, दिन बीतते गए और सड़कों पर गड्ढों की संख्या बढ़ती गई। गांव की मुख्य सड़क, जो हमेशा साफ-सुथरी हुआ करती थी, अब खुदाई के बाद बचे गड्ढों से भर गई थी। रामदीन सिंह का पोता, रोहित, जो सिर्फ 8 साल का था, एक दिन अपने दोस्तों के साथ खेलते हुए गड्ढों के पास आ गया। खेलते-खेलते उसका पैर फिसला और वह एक गहरे गड्ढे में गिर गया। उसकी चोट इतनी गंभीर थी कि उसे तुरंत अस्पताल ले जाना पड़ा। डॉक्टरों ने कहा कि अगर थोड़ी देर और हो जाती, तो उसकी जान भी जा सकती थी। रामदीन के दिल पर गहरा घाव लगा, लेकिन वे कुछ नहीं कर सकते थे। गांव की सुमन देवी, जो गर्भवती थी, अपने पति के साथ अस्पताल जा रही थी। रास्ते में उनकी गाड़ी एक बड़े गड्ढे में गिर गई। सुमन को बहुत चोटें आईं और उसका बच्चा सुरक्षित नहीं रह पाया। इस घटना ने गांववालों के दिलों को झकझोर कर रख दिया। गांव के बुजुर्ग काशी प्रसाद, जो अपनी उम्र के चलते पहले ही कमजोर थे, एक दिन बाजार जा रहे थे। उनकी साइकिल गड्ढों से बचते-बचते अचानक संतुलन खो बैठी और वे गिर गए। उनकी हड्डी टूट गई और अब वे चलने-फिरने में असमर्थ हो गए। गांववाले कई बार नगर निगम के अधिकारियों के पास गए, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी। अधिकारी अपनी कुर्सियों पर आराम से बैठे रहते और कहते, काम जारी है, थोड़ा धैर्य रखें। लेकिन उनका धैर्य अब टूट चुका था। गांववालों का विश्वास अब सरकार और उसके वादों पर से उठ चुका था। एक दिन, रात के अंधेरे में, एक गाड़ी तेज गति से गांव की सड़क पर चल रही थी। ड्राइवर को गड्ढों का पता नहीं था और गाड़ी एक गहरे गड्ढे में गिर गई। गाड़ी में बैठे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और कुछ ने तो मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस हादसे ने पूरे गांव को शोक में डूबा दिया। नल-जल योजना से गांववालों को पानी तो नहीं मिला, लेकिन इन गड्ढों ने उनकी जिंदगी को कष्ट और भय में डूबो दिया। हर बार जब कोई व्यक्ति इन गड्ढों से गुजरता, उसकी आंखों में दर्द और बेबसी की लहरें उमड़ पड़तीं। वे पूछते, क्या यही है हमारे सपनों का गांव?₹ लेकिन इस सवाल का जवाब देने वाला कोई नहीं। और जब रात के सन्नाटे में गड्ढों में गिरकर घायल लोगों की चीखें सुनाई देतीं, तब आंखों से आंसू बहने लगते और दिल से एक ही आवाज निकलती, हे भगवान, हमें इन गड्ढों से मुक्ति दिला दो। इस कहानी का अंत दुखद है, क्योंकि इन गड्ढों ने न सिर्फ सड़कों को, बल्कि गांववालों के दिलों को भी छलनी कर दिया। अब वे सोचते हैं, ₹अगर नल-जल योजना नहीं आई होती, तो शायद हमारे गांव की सड़कों पर ये गड्ढे भी नहीं होते।

विशेष

निर्मल रानी

# इसे 'डंका बजना' कहें या 'लंका लगना ' ?



'गोदी मीडिया' सहित सत्ता की भक्त मण्डली,सरकारी विभागों व विज्ञापनों द्वारा गत दस वर्षों से सत्ता का गुणगान किया जा रहा है। सरकारी तौर पर भले ही खंडन क्यों न किया जाये परन्तु 'भक्त मण्डली' यह प्रचारित करने में कोई कसर उठा नहीं रखती कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवा दिया। इस प्रोपेगेंडा के जवाब में विपक्षी नेताओं का यह सवाल तो वाजिब है कि रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने वाले एक वर्ष से अधिक समय से सुलग रहे डबल इंजन की सरकार वाले राज्य मणिपुर में शांति बहाल क्यों नहीं करवा पाये ? इसी तरह के अनेक फर्जी दावों के आधार पर यह प्रचारित किया जाता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का डंका बज रहा है। 'डंका बजने' की परिकल्पना का प्रचार भी आपको भारत के ही गोदी मीडिया द्वारा संचालित टी वी और अखबारों में दिखाई देगा विदेशों में नहीं। इसी तरह प्रचार माध्यमों के बल पर 'सबका साथ सबका विकास' और भ्रष्टाचार मुक्त भारत का भी एक वातावरण बनाया गया। यह और बात है कि विपक्षी दलों से सम्बन्ध रखने वाले पूरे देश के एक दो नहीं बल्कि अनेक नेताओं को जांच व जेल का भय दिखा कर अपने पाले में शामिल कर उनके भ्रष्टाचारी होने पर पर्दा डाल दिया गया। कई भ्रष्टाचारी कंपनियों से इलेक्टोरल बाण्ड के माध्यम से 'वसूली ' की गयी और उनके भ्रष्टाचारों की तरफ से आँखें मूँद ली गयीं। कई ऐसी कम्पनीज ने करोड़ों रुपए के इलेक्टोरल बाण्ड खरीदे जिनके खिलाफ ईडी और इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई चल रही थी या फिर ये कार्रवाइयां बॉन्ड खरीदे जाने के समय के आसपास हुई हैं। इनमें फ़्यूचर गेमिंग, वेदांता लिमिटेड और मेघा इंजीनियरिंग जैसी कंपनियां हैं जो सबसे ज्यादा कीमत के बॉन्ड खरीदने वालों में शामिल है। इन कम्पनीज की ओर से बाण्ड की ये खरीदारी ईडी और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की कार्रवाइयों के आसपास ही हुई है। शायद इसी भ्रष्टाचार के परिणाम स्वरूप पिछले कुछ ही दिनों में जिस तरह 'अमृत काल ' में एक के बाद एक कई 'विकास योजनाओं' के पोल खुले हैं उसे देखकर तो हरगिज नहीं कहा जा सकता कि विकसित भारत के मार्ग पर दौड़ने वाला हमारा देश भ्रष्टाचार मुक्त भी हो रहा है। अयोध्या धाम को ही ले लीजिये। राम मंदिर निर्माण को लेकर ऐतिहासिक प्रोपेगेंडा रचा गया। एक तीर से कई शिकार खेले गये। 'जो राम को लाये हैं हम उनको लायेंगे' का नारा देकर



जहाँ यह गलतफहमी पाली गयी कि 2024 के चुनाव में 'राम जी की कृपा ' होनी तय है और उसी अति उत्साह में 'अबकी बार चार सौ पार' का शगूफा छोड़ दिया गया उसी के साथ साथ उस विपक्ष को राम विरोधी व रामद्रोही साबित करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी गयी जो भाजपा के 22 जनवरी के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को धार्मिक नहीं बल्कि राजनैतिक कार्यक्रम बताकर उसमें शरीक नहीं हुआ। इसी के साथ साथ भव्य राम मंदिर,राम पथ ,महर्षि बाल्मीकि एयरपोर्ट,और अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का निर्माण व जीर्णोद्धार कराकर यह भी प्रचारित किया गया कि अयोध्या अब विकसित अयोध्या बन चुकी है। परन्तु पिछले दिनों 24 घंटे की बारिश में उसी अयोध्या में हाहाकार मच गया। हाई टेक बताये जा रहे अयोध्या राम मंदिर की छत से पानी टपकने लगा। राम पथ पर लगभग 20 जगहों पर सड़कें धंस गईं और उन सड़कों में बड़े बड़े गड्ढे पड़ गये। पूरी दुनिया के मीडिया में अयोध्या की इस हालत का भी खूब जिक्र हुआ। इसी बारिश की शुरूआत में नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा ढह गया इस घटना में एक 45 वर्षीय टैक्सी चालक की मौत हो गई और लगभग दस लोग घायल हो गए थे। उस दिन इस घटना के कारण टर्मिनल 1 से अनिश्चित काल के लिए ऑपरेशन निलंबित कर दिया गया था। यहां से हर दिन लगभग 200 उड़ानें आती जाती हैं। इसी तरह इन्हीं दिनों में राजकोट हीरासर स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल के बाहर पैसेंजर पिकअप-ड्रॉप एरिया में ऊपर लगी कैनोपी ढह गई। पीएम मोदी ने गत वर्ष जुलाई में राजकोट एयरपोर्ट के इस नए टर्मिनल भवन का लोकार्पण किया था। इस एयरपोर्ट का 1400 करोड़ से ज्यादा की लागत से विस्तार हुआ था। इसी तरह मानसून की पहली बारिश ने अडानी समूह द्वारा संचालित राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट एयरपोर्ट के नवनिर्मित टर्मिनल 3 की भी पोल खोलकर रख दी है। इसी वर्ष 10 मार्च को बड़े ही धूमधाम से टर्मिनल थ्री का उद्घाटन हुआ था। परन्तु इस टर्मिनल के वेटिंग एरिया की छत से भी पानी टपकने लगा। मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 के वेटिंग एरिया में भी छत से पानी टपकने लगा। जबलपुर में भी डुमना हवाई अड्डे के नव विस्तारित टर्मिनल की कैनोपी का भी एक हिस्सा भारी बारिश के कारण टूट गया था। इस घटना में कैनोपी के नीचे खड़ी एक सरकारी अधिकारी की कार क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस एयरपोर्ट का भी तीन महीने पहले ही स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया था। भारत में केवल एयरपोर्ट की छतें ही लीक नहीं हो रहीं बल्कि नीट के पेपर भी लीक हो रहे हैं। गोया 'साहब की हुक्मरानी का डंका' पूरी दुनिया में जोर शोर से बज रहा है। बिहार में 'डबल इंजन ' की सरकार ने तो भ्रष्टाचार व लापरवाही में पिछले दिनों गोया विश्व कीर्तिमान ही स्थापित कर लिया। यहाँ मात्र दस दिन के भीतर ही राज्य के अररिया, सिवान, पूर्वी चंपारण, किशनगंज और मधुबनी ज़िलों में पाँच बड़े पुल धराशायी हो गए। इन पुलों में से तीन निमार्णाधीन पुल थे जबकि दो पुलों का निर्माण हो चुका था। इन हादसों से जनता का हजारों करोड़ रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़, पानी में बह गया। इन पांच पुलों से पहले भी बिहार में गत मार्च में सुपौल में कोसी नदी के उपर बन रहे पुल का एक हिस्सा गिरा था, इसमें एक मजदूर की मौत हुई थी और 10 अन्य घायल हो गए थे। इसके पश्चात 22 जून को सिवान में गंडक नहर पर बनी पुलिया ध्वस्त हो गई थी। 22 जून की ही रात को पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन प्रखंड के अमवा में निमार्णाधीन पुल गिर गया था। बताया जाता है कि 1.60 करोड़ की लागत से बन रहे इस पुल के ऊपरी भाग की ढलाई शाम के समय ही हुई थी और रात होते होते यह ध्वस्त भी हो गया। इसी तथाकथित विकास की इतनी तीव्र गति और विश्व मीडिया में विश्व कीर्तिमान स्थापित करने वाले इन हादसों के जिक्र को साहब का 'डंका बजना' कहें या 'लंका लगना ' ?

एक नजर

## सेवानिवृत्त होते ही पेंशन अदायगी आदेश हाथों में

**महासमुंद 3 जुलाई ।** सेवानिवृत्ति के तत्काल बाद कर्मचारियों के खातों में पेंशन प्रकरण के तहत पेंशन अदायगी आदेश (पीपीओ) सहित सेवानिवृत्ति सह उपादान (जीपीओ) आदि के निराकरण से कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है और इसे जिला प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता के साथ किया गया पहल बताया है। गत 30 जून को जिले के 6 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें समय सीमा की बैठक में पेंशन प्रकरण से संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने फुल-माला, शॉल, श्रीफल से स्वागत किया और स्वस्थ, खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शासकीय सेवक अपने जीवन के आधे से ज्यादा समय शासकीय सेवा में समर्पित रहते हैं। सेवानिवृत्ति के पश्चात यदि उन्हें समय पर पेंशन का भुगतान न हो तो पेंशनधारियों को बिना कारण के भटकना पड़ता है। यह अच्छी स्थिति नहीं होती। इसे ध्यान में रखते में हुए सेवानिवृत्ति के तत्काल पश्चात पेंशन प्रकरण देने का प्रयास किया गया है।उल्लेखनीय है कि जिले के शिक्षा विभाग से श्री यादराम साहू प्रधान पाठक, श्री कुंदन लाल औसर प्रधान पाठक, श्री गोविंद प्रसाद, श्रीमती मालती चंद्राकर उच्च श्रेणी शिक्षक, आदिम जाति विकास विभाग से श्री नामित कुमार साहू सहायक ग्रेड 03, पुलिस विभाग से श्री पुकराम बारले सहायक उपनिरीक्षक 30 जून को सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के पश्चात इन्हें पीपीओ, जीपीओ और गणना पत्रक प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री कुंदन लाल औसर प्रधान पाठक ने कहा 39 वर्ष 4 माह शासकीय सेवा में अपने जीवन के यादगार समय व्यतीत करने के पश्चात हम सेवानिवृत्त हुए हैं। अपने जीवनकाल में पेंशन प्रकरण का इतनी शीघ्रता से निराकरण होते नहीं देखा। उन्होंने कलेक्टर श्री प्रभात मलिक का धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील सोच के कारण हमें दो दिन के भीतर पेंशन प्रकरण प्राप्त हो गया।इसी तरह 42 वर्ष और 5 माह सेवा देने के पश्चात श्री यादराम साहू प्रधान पाठक ने भी अतिशीघ्र पेंशन प्रकरण समाधान से बेहद खुश नजर आए। उच्च शिक्षिका श्रीमती मालती चंद्राकर ने कहा कि यह हमारे लिए सम्मान और गौरव का पल है कि कलेक्टर के हाथों सत्वों का भुगतान संबंधी प्रमाण पत्र दिया गया। यह पहली बार हो रहा है। शिक्षक श्री गोविंद प्रसाद साहू के परिजन भी काफी खुश नजर आए। उन्हेंने कहा कि सामान्यतः सेवानिवृत्ति के पश्चात 3 माह से 6 माह की अवधि के पश्चात ही प्रकरण तैयार हो पाता है और कार्यालयों में भटकना पड़ता है। लेकिन कलेक्टर श्री मलिक के सोच के कारण हमारे प्रकरणों का निपटारा हो पाया। इसी तरह अन्य कर्मचारियों ने भी प्रसन्नता जाहिर की। जिला कोषालय अधिकारी श्री संजय चौधरी ने बताया कि विभागों द्वारा सेवानिवृत्त प्रकरण को संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर भेजा जाता है। तीन माह पूर्व ही प्रकरण तैयार कर प्रक्रिया प्रारम्भ किया जाता है।

## जिले के तीन स्वास्थ्य केन्द्रों को मिला राष्ट्रीय स्तरीय राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणपत्र



**जगदलपुर 3 जुलाई ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में जिले के तीन स्वास्थ्य केन्द्रों शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गीदम रोड जगदलपुर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर केशलूर एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर पलवा को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय के लिए राष्ट्रीय स्तरीय से राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) गुणवत्ता का प्रमाणीकरण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा किया गया है। जिसमें उच्च स्तरीय गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदाय किये जाने हेतु शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गीदम रोड जगदलपुर को 100 अंक के मानक में 89.6 अंक, आयुष्मान आरोग्य मंदिर केशलूर को 82 अंक एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर पलवा को 91.13 अंक प्राप्त हुआ है। इन सभी स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा चयनित राष्ट्रीय स्तरीय टीम के द्वारा किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणीकरण हेतु (एनक्यूएएस) के 12 मानकों के आधार पर किया गया है। इसके लिए संबंधित संस्था के द्वारा सेवा प्रदायगी, मरीज संतुष्टी, क्लीनिकल सर्विसेस, गुणवत्तापूर्ण प्रबंध, आउटपुट जैसे मानकों की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जाता है। उक्त मूल्यांकन में खरा उतरने वाले अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। जिले में कुल 08 संस्थाओं में से 07 संस्थाओं जिला चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आड़ावाल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुम्हारावण्ड, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गीदम रोड जगदलपुर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर कलचा, आयुष्मान आरोग्य मंदिर केशलूर एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर पलवा का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणीकरण किया जा चुका है।

वर्तमान में बस्तर जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर तेलीमारेंगा एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर माड़पाल का राष्ट्रीय स्तर मूल्यांकन हेतु चयन हुआ है एवं आगामी दिनों में जिले से 20 अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों का भी राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन सर्टीफिकेशन (एनक्यूएएस) हेतु लक्ष्य रखा गया है। इस प्रकार जिले के समस्त संस्थाओं का गुणवत्ता मानकों के प्रमाणीकरण हेतु निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।

# स्कूल जतन योजना से सहेजे जा रहे जिले के शाला भवन, किया जा रहा जीर्णोद्धार



अब तक जिले के 374 स्कूल भवनों का किया जा चुका कायाकल्प

उत्तर बस्तर कांकेर, 02 जुलाई 2024/ नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होते ही विद्यार्थियों को प्रवेश देने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखंडवार बैठक आयोजित कर सभी शासकीय विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रत्येक विद्यालय के मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन शालाओं में अतिथि शिक्षकों की पदस्थापना की जा रही है। इसके अलावा ऐसे जर्जर विद्यालय जो मरम्मत योग्य हैं, उनके फोटोग्राफ सहित मानक प्राक्कलन तैयार कर तकनीकी स्वीकृति के साथ प्रस्तुत करने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है तथा स्कूल जतन योजना व समग्र शिक्षा से संचालित निर्माण कार्यों को अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूल जतन योजना के तहत 677 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 374 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 303 कार्य अभी प्रगतिरत हैं। कलेक्टर ने सभी अधूरे भवन निर्माण कार्य को आगामी 15 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उक्त योजना से जहां शालाओं की मरम्मत कराई गई है, उन विद्यालयों का कायाकल्प हो चुका है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कांकेर विकासखंड में शासकीय प्राथमिक शाला सातलोर, माध्यमिक शाला अंजनी, उत्कृष्ट विद्यालय पटौद, सरोना, दुधावा, माटवाड़ा लाल, नांदनमारा में निर्माण एवं सुधार कार्य पूर्ण हुए हैं, वहां के विद्यार्थी और पालक शालाओं के भवन के रंगरोगन और परिवेश से खुश नजर आ रहे हैं। जिले में स्कूल जतन योजना से ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरांदुल की कक्षाओं को वंदे भारत ट्रेन का आकर्षक रूप दिया गया है जिसे बाहर से भी लोग उत्सकुतावश देखने आते हैं। इसी तरह भानुप्रतापपुर के भानबेड़ा, प्राथमिक शाला कठौली, उमावि चिचगांव, प्रा.शा. तुएगहन, प्राथमिक व माध्यमिक शाला बारवी, प्रा.शा . मूंगवाल, चारामा विकासखंड में प्रा.शा मुड़धोवा, प्राथमिक शाला कानापोड़, प्राथमिक शाला गीतपहर, प्रा.शा पलेवा, मा. शा . जैसाकर्रा, गिरहोला, मैनपुर, उमावि पंडरीपानी, जेपरा, बड़गांव, डुमाली, बागोडार, में मुख्यमंत्री जतन योजना से अच्छे एवं बेहतर कार्य हुए हैं। नरहरपुर में मा. शा. गट्टागुडूम, मा. शा. चंवाड़, प्रा. शा. मुड़पार,मा. शा. ढेकुना, प्रा. शा. आमापानी, बुदेली में भी योजना के तहत बेहतर निर्माण कार्य हुए हैं। इसी तरह दूरस्थ विकासखंडों में कोयलीबेड़ा में पीव्ही 44, प्राषा पखांजूर, मा. शा. घोटिया, प्रा. शा. पी व्ही 39, प्रा. शा. मूरावंडी, दुर्गूकोंदल में प्रा. शा. आमाकड़ा, मा शा डुवा, मा शा . परभेली, मा शा 0 तरहुल, मा शा झिटकाटोला ऐसे विद्यालय हैं जहां पर अच्छे निर्माण कार्य हुए हैं। यह सभी कार्य शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से कराए गए हैं। इन शालाओं में मरम्मत होने से छात्रों एवं पालकों का रूझान भी इन विद्यालयों के प्रति बढ़ा है। विद्यालयों का कायाकल्प करने व आकर्षक बनाने की वजह से पालक अपने बच्चों को इन स्कूलों में दाखिला करा रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर कांकेर ने ऐसे सभी विद्यालय जिनकी मरम्मत की जानी है, का प्राक्कलन के साथ सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं जिसके लिए 150 से अधिक विद्यालयों का मानक प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है।

# विधायक गोमती ने आम जनता की शिकायतें सुन दिए आवश्यक निर्देश



**पत्थलगांव, 3 जुलाई।** विधायक गोमती साय दिन सोमवार की शाम अपने कार्यालय मे जनता की शिकायत एवं समस्या से रूबरू होने के लिए जन चौपाल का आयोजन की थी। उनके निज सहायक गणेश साव के साथ समस्त विभाग के अधिकारी भी यहा मौजुद थे,जन चौपाल के दौरान 50 से भी अधिक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगो ने विधायक गोमती साय को अपनी समस्या के साथ शिकायत पत् सौंपा,जिसमे विधायक ने तत्काल कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारीयों को निर्देशित किया। उनका कहना था कि अगले सोमवार को लगने वाली जनचौपाल के दौरान आज मिली सभी शिकायतो का निराकरण होना चाहिये,जिसे सुनने के बाद शिकायतकर्ताओ मे खुशी की लहर देखने को मिली। दरअसल इन दिनो विधायक गोमती साय द्वारा निर्मित कराया गया उनका कार्यालय आम जनता के लिए वरदान साबित हो रहा है। यहा हर समय उनके निज सहायक मौजुद रहते है,जिनके पास जाकर बाकी दिनो मे भी विधानसभा के लोग अपनी समस्याओ से उन्हे रूबरू करा रहे है। विधायक गोमती साय ने सोमवार का दिन पत्थलगांव विधानसभा के लोगो की समस्याओ की सुनवायी के लिए तय किया है,जिसके बाद वे दिन सोमवार को अपने कार्यालय मे मौजुद थी,जहा पचास से भी अधिक लोगो ने अपनी समस्याओ का पत् उन्हे सौंपा,इन समस्याओ मे तहसील कार्यालय से संबंधित जमीन विवाद,सीमांकन,बटवारा के अलावा नल बिजली पानी एवं कुछ शिकायतें दिव्यांग जनो द्वारा भी की गयी थी,जिसमे उन्हे बैशाखी के अलावा ट्राईसायकल की जरूरत पडने पर संबंधित विभाग द्वारा उन्हे सहायता ना मिलने की बात कही गयी,जिस पर विधायक गोमती साय ने तत्काल संबंधित अधिकारीयों को शिकायतकर्ताओ की शिकायत एवं समस्या का हल एक सप्ताह के भितर करने के निर्देश दिये,इस दौरान भाजपा के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आये कार्यक्रर्ता भी मौजुद थे।।

## तेंदूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक भुगतान के लिए शिविर का आयोजन करें : कलेक्टर

**जगदलपुर 3 जुलाई ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि जिले के लगभग 30 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों की सूची के आधार पर ग्राम पंचायत स्तर पर पारिश्रमिक राशि का भुगतान करवाने के लिए अभियान चलाया जाएगा, जिसमें बैंक सखी के माध्यम से आनलाईन पेमेंट किया जाए। इसकी आवश्यक तैयारी जनपद पंचायत और वन विभाग आपसी समन्वय के साथ सुनिश्चित करें। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में शासन के मंशानुसार बैंकों के माध्यम से स्व सहायता समूहों को स्व-रोजगार के लिए राशि उपलब्ध करवाया जाना है इसके लिए सम्बंधित विभाग प्राथमिकता से समूहों का बैंक लिंकेज करवाएं। उक्त निर्देश मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में दिए।कलेक्टर श्री विजय ने एक जुलाई से लागू नए कानून के संबंध में सभी विभाग के अधिकारियों और मैदानी अमलों को जानकारी देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# इंसुलेटर पुराने होकर फटने लगे तो पूरा शहर रात भर डूबा रहा अंधेरे में

**पत्थलगांव, 3 जुलाई।** विद्युत विभाग के पोल मे लगे पुराने इंसुलेटर के फटने के कारण भारी बारिश के बीच सोमवार की देर रात पूरा शहर सुबह तक अंधेरे मे डूबा रहा। एक दशक के दौरान शहर की आबादी मे 55 फीसदी की बढोतरी हुयी है,परंतु विद्युत विभाग के पोल मे अब भी अंग्रेजो के जमाने के इंसुलेटर के जरिये तार एवं खंभे के लोहा को सुरक्षित रखने का उपाय किया जा रहा है,इस तकनीकी खराबी के कारण भारी बारिश के बीच शहर के लोग सोमवार की रात से सुबह तक लाईट आने का इंतजार करते रहे। विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विद्युत प्रवाहित करने वाले तार एवं खंभे मे लगा लोहा को अलग करने के लिए चिनी मिटटी के इंसुलेटर का इस्तेमाल किया जाता है,यह तकनीक लगभग 50 साल पुरानी बतायी जा रही है। यहा के विद्युत पोलो मे भी चिनी मिटटी के इंसुलेटर का इस्तेमाल किया हुआ है,परंतु ये सभी इंसुलेटर काफी पुराने हो चुके है। बताया जाता है कि इंसुलेटर एक विशेष तरह की मिटटी से तैयार किया जाता है,जो गर्मी के दिनो मे तपने के बाद उसमे सुई के बराबर बारिक छेद बन जाते है,यदि इन इंसुलेटर को समय पर बदल दिया जाये तो बारिश के दिनो मे इसमे बने छेदो से पानी की रिसाव नही हो पाता। बताया जाता है कि गर्मी के दिनो मे बने इंसुलेटर के छेद बारिश का पानी तार एवं लोहे के संपर्क मे लाकर पूरी विद्युत व्यवस्था को बाधित कर देता है। यह एक प्रकार की तकनीकी खामी है,जिसे विद्युत विभाग के अधिकारी समय रहते ही बदलना या रख-रखाव करते तो 84



पंचायत एवं एक नगरीय निकाय की आबादी के लोगो को भारी बारिश के दौरान इस तरह दस दस घंटे की लाईन फाल्ट की परेशानी उठानी नही पडती।

3.15 मे बढा दबाव-ःशहर मे दिन रविवार से ही झमाझम बारिश हो रही है,बारिश की शुरूवात के साथ ही बिजली की कटौति ने भी लोगो को काफी परेशान कर रखा है। सोमवार की शाम से ही शहर मे बिजली कटनी शुरू हो गयी थी,रात 10 बजे गोल होने वाली बिजली सुबह 10 बजे आ पायी है। बताया जाता है कि अधिक भार क्षमता होने के कारण सब स्टेशन मे लगा 3.15 एम.व्ही.ए एवं 5 एम.व्ही.ए के ट्रांसफार्मर से लाईन ट्रिप करने लगी थी,जिसके कारण सब स्टेशन मे लगा सी.टी भी ब्लास्ट हो गया था। शहर की आबादी को विद्युत सप्लाई करने के उपयोग मे आने वाले यहा के अधिकांश संसाधन बेहद पुराने हो चुके है,जिसके कारण अधिक लोड होकर शहर के लोगो को विद्युत बाधित होने की परेशानी उठानी पड रही है।।

दो नये सब स्टेशन का मिलेगा लाभ-ःविद्युत विभाग इन दिनो अधिक लोड क्षमता के साथ-साथ नियमित कर्मचारीयों की कमी का भी दंश झेल रहा है,यही कारण है कि समय रहते किसी भी फीडर मे लाईट बिगडने के बाद वहा समय पर विद्युत सुचारू नही हो पाती। शहर के अलावा टाउन 2 से उद्योगो को भी लाईन सप्लाई की जाती है,जिसे देखते हुये सुरेशपुर एवं महेशपुर मे दो नये सब स्टेशन का निर्माण जारी है,जिसके बनने के बाद उद्योग को इन दोनो सब स्टेशन से डिवाईड कर दिया जायेगा। विद्युत विभाग के अधिकारीयों के अनुसार दोनो नये सब स्टेशन के निर्माण के बाद शहर की लोड क्षमता इन दोनो से विभाजीत कर दी जायेगी।।

--इंसुलेटर फटने एवं सी.टी ब्लास्ट होने के कारण विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुयी थी,मेंटेनेंस टीम द्वारा रात के दौरान इंसुलेटर बदली कर व्यवस्था बाहल की गयी। बारिश के कारण कार्य मे बाधा उत्पन्न हो रही थी।।

**कुलरंजन मिंज-सहायक अभियंता-विद्युत विभाग-पत्थलगांव**

# युवक पूना में बंधक, बहन से फिरौती के लिए पैसे मांगें

**भिलाई, 3 जुलाई।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र कांट्रेक्टर कालोनी निवासी एक युवक को पूना में बंधक बनाकर रखा गया है अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर युवक की बहन से उसे छोड़ने के बदले में 50 हजार रुपए मांगे। इसके बाद भी युवक को नहीं छोड़ा गया और इधर उधर की बातें करते हुए फिर से ढाई लाख रुपए भेजने की हिदायत दी गई है। युवक की बहन लता यादव की रिपोर्ट पर सुपेला पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 384, 34 के तहत अपराध कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है सुपेला पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कराने वाली लता यादव पति शिव कुमार यादव ( 30 वर्ष ) कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला में रहती है और किसी फायनेंस कंपनी में काम करती है। उसका भाई भीषम यादव 25 जून 2024 को घर से काम करने के लिए निकला था। भीषम 29 जून की शाम बहन लता को फोन कर बताया कि मैं पूना में काम करने के लिए आया हूं जहां पर मुझे कुछ लोगों ने एक कमरे मे बंद कर रखा है और पैसे की मांग कर रहे हैं लता पूछी कि पैसा किस बात का मांग रहे है तब भीषम यादव ने किसी आकाश का मोबाइल नंबर देकर बात करने को कहा। लता ने तथाकथित आकाश से फोन पर बात की तो उसने बताया कि पूना में भीषम जिस आफिस में काम कर रहा था उसी आफिस में उसका दोस्त भी काम करता था जिसने कंपनी का करीबन 50 हजार रुपए का नुकसान कर दिया है आकाश ने उस रकम की भरपाई करने पर भीषम यादव को छोड़ दिए जाने की जानकारी दी लता ने आकाश के द्वारा बताए एकाउंट नंबर में फोन पे के माध्यम से 50 हजार रुपए भेज दिया। फिर 10 मिनट बाद लता ने अपने भाई भीषम यादव को लगाया तो उसने बताया कि उसे छोड़ दिया गया है और 30 जून की शाम को 5 बजे वाली ट्रेन से भिलाई के लिए निकलने की बात कही। उसने यह भी बताया कि उसका ट्रेन टिकट कंपनी वाले कराएंगे। लेकिन उसी दिन रात 10-30 बजे भीषम ने लता को फोन कर बताया कि ये लोग उसे नहीं छोड़े हैं। फिर 1 जुलाई को शाम 4 बजे भीषम ने फोन कर बताया कि ये लोग मुझे नहीं छोड रहे हैं आप जिस एकाउंट में पैसा भेजे थे वह व्यक्ति इन लोगों को पैसा नहीं भेजा है भीषम ने फिर एक बार 50 हजार रुपए भेजने को कहा। लता ने रुपए नहीं होना बताकर असमर्थता जताई तो भीषम ने कहा कि यदि तुम पैसा नही भेजोगी तो ये लोग मुझे जान से मार देंगे भीषम ने फिर एक बार 2 जुलाई को दोपहर करीब 1-30 बजे लता को फोन किया। इस बार भी किसी तरह 50 हजार रुपए भेजने को कहा तो लता ने जिसके एकाउंट पर रुपए भेजने हैं उससे बात कराने बोली। उसने अपने फोन से उन लोगों से बात कराया तो उन्होने बताया कि भीषम की इसमे कोई गलती नहीं है वह जिस अपने दोस्त ए. चिंरजीवी को अपने साथ लाया था वह कंपनी का पैसा लेकर भाग गया है। लता ने पुलिस को बताया कि भीषम को कब्जे में रखकर मोबाईल के माध्यम से ढाई लाख रुपए की मांग किए हैं नहीं देने पर मेरे भाई को नहीं छोडेगे ऐसा बोले हैं। सीएसपी भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि लता यादव की रिपोर्ट पर की अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 384, 34 का अपराध कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया है विवेचना के बाद ही रुपए मांगने का वास्तविक कारण सामने आ सकेगा

## कलेक्टर जनदर्शन फिर से प्रारंभ



**कांकेर, 3 जुलाई।** जिला कार्यालय में कलेक्टर जनदर्शन आज से पुनः प्रारम्भ हो गया है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में जिले के आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर से मुलाकात की। प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में चारामा विकासखण्ड के ग्राम जेपरा निवासी रोहित कुमार, ग्राम कुरूभाट से श्रीमती अनूपा बाई तथा कांकेर के भावसिंग नगर झुनियापारा से लक्षन्तीन यादव, राजापारा कांकेर से श्रीमती मीनाक्षी तिवारी, एकता नगर ठेलकाबोड़ से सुलोचना सोनी और जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के सभी सफाई कर्मचारियों की ओर से आवेदन प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के अग्रेषित किया।

## कलेक्टर और सीईओ ने किया पौधरोपण




**जगदलपुर 3 जुलाई ।** एक पेड़ माँ के नाम÷ थीम पर कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. परिवार के साथ अपने शासकीय निवास के परिसर में पौधरोपण किया। इसी प्रकार जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे ने भी अपने निवास में पौधरोपण किया। इस अवसर पर वन विभाग का अमला भी मौजूद रहा। ज्ञात हो कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान का शुभारंम्भ किया है, और देशवासियों के साथ दुनियाभर के लोंगो से आग्रह किया है कि वे अपनी माँ के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाये। बस्तर में वन विभाग के सौजन्य से ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ थीम पर निःशुल्क पौधों का वितरण किया जा रहा है।बस्तर वनमंडल द्वारा 01 जुलाई से हरियाली प्रसार योजना के तहत भी पौधो का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

## पदोन्नति एवं स्थायीकरण की प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें :कलेक्टर

**कांकेर, 3 जुलाई ।** कलेक्टर श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी। बैठक में सभी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी मांगें कलेक्टर के समक्ष रखीं और सुझाव भी सामने आए। कलेक्टर ने कहा कि इनमें से कुछ मांगों का जिला स्तर पर निराकरण हो सकता है और कुछ विषय का निराकरण किया जाना शासन स्तर पर संभव है, जिसके लिए उ'च कार्यालय से पत्राचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी शासकीय सेवक हैं और सबकी समस्याओं एवं मांगों को ध्यान में करते हुए आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया जाना चाहिए। कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि वे पदोन्नति, समयमान वेतनमान, स्थायीकरण से संबंधित प्रक्रियाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। इसके अलावा पेंशन एवं अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों पर भी त्वरित कार्यवाही की बात कही। उन्होंने विभिन्न संगठनों से प्राप्त मांगों पर कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।बैठक में पदोन्नति की लंबित प्रकरणों, लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए कौशल प्रशिक्षण, सभी कार्यालयों में टेबल रोटेशन, वरिष्ठता के आधार पर शाखा आबंटन, जिला स्तर के अलावा विकासखण्ड स्तर पर भी परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन, पेंशन प्रकरणों के निराकरण, सेवा पुस्तिका के नियमित संधारण, शासकीय आवासों के आबंटन एवं रख-रखाव सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई। इसके अलावा स्वास्थ्य संयोजक संघ, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन संघ, लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ, नर्सेस एसोसिएशन संघ, वाहन चालक संघ, राजस्व पटवारी संघ सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने बैठक में अपनी मांग एवं समस्याएं बताई एवं आवश्यक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर एडीएम श्री एस. अहिरवार, जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## स्पीड से जा रहा कैप्सुल वाहन ने ग्रामीण को बना दिया अपाहिज

**पत्थलगांव।** एक भारी भरकम कैप्सुल वाहन के चालक की अत्यधिक स्पीड ने मोटरसायकल मे जा रहे ग्रामीण को हमेंशा के लिए अपाहिज बना दिया। ग्रामीण का एक हाथ कैप्सुल वाहन की चपेट मे आकर चकनाचुर हो गया। घटनास्थल पर ही ग्रामीण खुन से लथपथ हो गया था,वह अपने घायल हाथ को देखकर बेहद जोर जोर से रो रहा था,थाना प्रभारी एवं टैफिक जवानो की मदद से ग्रामीण को यहा के सिविल हॉस्पिटल मे भर्ती कराया गया,जहा से उसे बाहर रिफर कर दिया गया है। सोमवार की शाम लुडेग लभनीपारा के रहने वाले मतिराम विश्वकर्मा पिता शनिराम विश्वकर्मा उम्र 45 वर्ष के लिए बेहद बुरी थी,सोमवार की शाम कैप्सूल वाहन क्रमांक यू.पी 64 टी 8747 के चालक ने शहर के भितर तेज रफ्तार से अपनी वाहन को चलाते हुये बाईक सवार व्यक्ति के बाएं हाथ को बुरी तरह कुचल दिया। इस घटना के बाद अंबिकापुर रोड मे काफी भीड इकटठा हो गयी,लोगो ने शहर के भितर तेज रफ्तार से जाने वाली वाहनो को लेकर नारे लगाने शुरू कर दिये,इस घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनीत पांडे टैफिक जवानो के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये। उन्होने घटनास्थल के करीब से गुजर रही एक वाहन की मदद से घायल को सिविल हॉस्पिटल पहुंचाया। बताया जाता है कि दुर्घटना मे घायल व्यक्ति पेशे से राजमिस्त्री था,उसका हाथ भारी वाहन से कुचल जाने के बाद उसके एवं परिवार के सामने रोजी रोटी की समस्या आ खडी हुयी,पुलिस द्वारा वाहन एवं चालक को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के लिये निगम में कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव 3 जुलाई।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य अमला के लिये निगम सभागृह में डेंगू एवं मलेरिया के रोकथाम एवं बचाव हेतु कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में डब्लू.एच.ओ. के प्रतिनिधि डॉ. राजेन्द्र सिंह के द्वारा डेंगू एवं मलेरिया के लक्षण एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी गयी।कार्यशाला में डॉ. राजेन्द्र सिंह ने निगम सीमाक्षेत्र में पर्याप्त साफ सफाई रखने, पानी जमा नहीं होने सफाई अमला को समझाईस दिये। उन्होने कहा कि एडिस मच्छर स्थिर एवं साफ पानी में पैदा होते है, इसके लिये कुलर में पानी जमा नहीं होने देना है, उसे साफ कर प्रति सप्ताह साफ पानी भरना है, इसके अलावा घर के खुले गड्ढे, गमले एवं पुराने टायर आदि में पानी जमा न होने दे।

एक नजर



## सीएमओ लवकेश ने की पालिका के विकास कार्यों की समीक्षा

**महासमुंद,3 जुलाई।**मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार ने सोमवार को अपने कक्ष में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी विकास कार्यों पृथक-पृथक समीक्षा की। इसके साथ छोटी बड़ी नाली सहित अन्य नालों में बारिश में जलभराव की संभावित समस्या का समय रहते निराकरण करने के निर्देश दिए। राजस्व वसूली के संबंध में विस्तार से चर्चा की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने एसएलआरएम सेटंरो की व्यवस्था और रखरखाव को बेहतर बनाने तथा वृहद रूप से वृक्षारोपण की तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। पीएम आवासों के बचे हुए कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करने कहा।

**काम में लापरवाही पर दिखाई सख्ती -** मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार ने कहा है कि विगत माह पूर्व नगर पालिका के अलग अलग-अलग शाखा के कर्मचारियों को एक-एक वार्ड में सफाई, जलनिकासी और अन्य विकास कार्यों की स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देनी की व्यवस्था बनाई गई है। जिन कर्मियों द्वारा उक्त कार्य मे रूचि नहीं ले रहें ऐसे कर्मियों को कारण बताओ नोटीस जारी कर जवाब देने कहा गया हैं। समीक्षा बैठक में उपअभियंता दिलीप कश्यप, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चन्द्राकर, जल प्रभारी सिताराम चेलक, स्थापना प्रभारी करण यादव, द्रुर्गेश कुंजेकार, जितेन्द्र महंती, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, समन्वयक नीतू प्रधान, लोकरंजन साहू मौजूद रहे।

# अच्छी शिक्षा बेहतर भविष्य के लिए अति आवश्यक है:योगेश्वर



**महासमुंद,3 जुलाई।** महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मंगलवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेवा में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्कूल में स्वागत करते हुए निःशुल्क गणवेश व पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। पाठ्यपुस्तक देखकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बच्चों से कहा कि आप अपने जीवन के बहुत महत्वपूर्ण साल की शुरुआत कर रहे हैं। आप सभी को प्रतिदिन स्कूल आकर पढ़ाई करना है। कड़ी मेहनत और लगन से जीवनपथ में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि यह बच्चें देश का भविष्य हैं, हमारे देश के भविष्य को संवारने के लिए बुनियादी शिक्षा बहुत जरूरी है। इसलिए मैं शिक्षकों से भी निवेदन करता हूं कि आप भी कड़ी मेहनत से बच्चों को इस काबिल बनाएं कि वह देश के उज्ज्वल भविष्य का हिस्सा बने। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित पालकगण से भी बच्चों की शिक्षा के प्रति ध्यान देने कहा। उन्होंने कहा कि स्कूल ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक समुचित वातावरण प्रदान करता है।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष यतेंद्र साहू, तुमगांव नगर पंचायत उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेतागण रमेश साहू, ललिता अग्रवाल, पवन पटेल, झनक लाल साहू और शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्कूल के प्राचार्य व स्टाफ सहित पालकगण उपस्थित रहें।

## उद्यान में धराशायी हुए वृक्ष के स्थान पर नपाध्यक्ष ने किया संघन पौधरोपण



नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने मंगलवार को नया पौधा रोपित किया। श्रीमती महिलांग के नेतृत्व में पालिका के पार्षदगण और अन्य ने उक्त वृक्ष के स्थान पर उक्त उद्यान में सघन पौधरोपण किया। श्रीमती महिलांग ने कहा जिस हिसाब से ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है उसे

**महासमुंद,3 जुलाई।** एक ओर लोग अपनी जरूरतों के लिए हरे-भरे पेड़ो की कटाई कर रहे है वही दूसरी ओर महासमुंद नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग पर्यावरण सरंक्षण को ध्यान में रखते हुए मृत वृक्षों के स्थान पर नए पौधे रोपित कर रही है। गत दिनों शहर के बीटीआई मार्ग स्थित श्री गुरु गोविंद सिंघ उद्यान में बारिश और तूफान से एक विशालकाय वृक्ष धराशाई हो गया। उक्त धराशाई पेड़ के स्थान पर देखते हुए हमारी आने वाली पीढ़ी को और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इससे बचने के लिए केवल एक ही उपाय है पौधरोपण करना और रोपित पौधों के वृक्ष बनने तक पूरी तरह से देखभाल करना। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ पार्षद श्रीमती मीना वर्मा, पूर्व पार्षद कपिल साहू, नपाध्यक्ष सहियोगी नीरज परोहा, युवा नेता अरिश अनवर और पालिका के जल शाखा प्रभारी सीताराम चेलक मौजूद रहें।

## शांतिनगर का होगा विकास बनेंगे पुल-पुलिया और सड़क



**बीजापुर,3 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने बीजापुर नगरपालिका के शांतिनगर वार्ड का भ्रमण कर सड़क, पानी, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। वार्ड के नागरिकों से मिलकर समस्याओं की जानकारी प्राप्त की और तत्काल चट्टानपारा से जिला चिकित्सालय के बीच सड़क और पुल-पुलिया बनाने के निर्देश सीएमओ नगर पालिका को दिए। वार्ड में आंगनबाड़ी निर्माण के लिए आरक्षित भूमि में अवैध कब्जा की स्थिति को देखते हुए सीएमओ नगरपालिका को तत्काल अवैध कब्जा हटाते हुए सभी शासकीय भूमि को सुरक्षित रखने निर्देश दिए। वार्ड में आवागमन के रास्ते में सड़क किनारे जगह घेर कर आवागमन को बाधित करने वाले मोटर गाड़ियों को हटाने एवं आवागमन व्यवस्था को सुगम बनाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने मुक्तिधाम पहुंचकर वहां पर अव्यवस्थाओं को तत्काल दूर करने को कहा तथा नियमित रूप से साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। अस्पताल चौक में सुलभ शौचालय में कर्मचारी के अनुपस्थित रहने पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने तुमनार स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर उपलब्ध दवाइयों मरीजों के पंजीयन तथा उपलब्ध चिकित्सा सुविधा का जायजा लेकर कर्मचारियों को नियमित रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। यहां संचालित उचित मूल्य की दुकान बंद पाई गई जिस पर कलेक्टर ने दुकान संचालक को स्पष्टीकरण हेतु तलब किया। इस दौरान सीएमओ बीजापुर श्री पाल दास उपस्थित थे।

## रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग में गड्ढों का भराव कर आवागमन किया गया सुचारू



**रायगढ़, 3 जुलाई।** रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग पिछ?ले दिनों हुई बारिश के कारण मार्ग में कई जगह गड्?ढे हो गए थे जिसकी वजह से इस मार्ग पर भारी वाहनों को आवागमन बाधित हो रहा था। जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। ऐसी स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने नगर निगम आयुक्त और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मार्ग में गड्ढों को भरते हुए आवागमन को सुचारू करने के निर्देश दिए थे। जिसके पश्चात गड्ढों का भराव कर भारी वाहनों की आवाजाही शुरू करवाई गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीओ पीडब्ल्यूडी श्री मुरारी सिंह नायक ने बताया कि सड़क में गड्ढों में स्लैग का भराव किया गया है। नीचे बड़े स्लैग डाले गए हैं और सड़क को समतल किया जा रहा है। गड्ढों से पानी निकासी की व्यवस्था भी की जा रही है। जिससे सड़क पर भारी वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो सके। गौरतलब है कि रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग में रोजाना सैकड़ों भारी वाहनों, ट्रकों की आवाजाही होती है। इससे इस मार्ग में बारिश के दौरान गड्ढे में वाहनों के फसने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग रही थी। गड्ढों का भराव कर यातायात सुचारू किया गया है। नगर निगम आयुक्त श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण के लिए नगर निगम के द्वारा प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया है। स्वीकृति प्राप्त होने के तत्काल पश्चात मार्ग का निर्माण प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# ओम ज्वेलर्स से लाखों के आभूषण लूटकर फारर हुए दो बाइक सवार




**रायगढ़, 3 जुलाई।** चक्रधर नगर चौक स्थित ओम ज्वैलर्स के संचालक के यहां मंगलवार देर शाम सोने चांदी से भरे दो बैग को अज्ञात लोगों के द्वारा लेकर फरार हो जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के चक्रधर नगर चौक में स्थित ओम ज्वेलर्स के संचालक द्वारा रोजाना की भांति वह अपने दुकान बंद करने के दौरान दुकान में रखे सोनें चांदी के आभूषणों के अपने यहां कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा दूसरे स्थान पर सुरक्षित जगह में रखवाया जाता था। बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर शाम भी दुकान बंद करने से पहले संचालक द्वारा रोजाना की तरह अपने दुकान में रखे सोनें चांदी से भरे दो बैग तैयार करके अपने कर्मियों के माध्यम से भिजवाया गया। बताया जा रहा है कि ज्वेलर्स के कर्मचारी आभूषण से भरा बैग लेकर जब निकले और कुछ दूर ही पहुंच पाये थे कि पल्सर में सवार दो लोग अचानक उनसे बैग छीनकर बाईक में ही फरार हो गए हैं। उठाईगिरी की सूचना ज्वेलर्स दुकान के संचालक द्वारा चक्रधर नगर थाने में दिये जाने पर तत्काल चक्रधर नगर पुलिस व सायबर टीम के साथ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल मौके पर पहुंचे और आरोपियों की पतासाजी के लिये तत्काल शहर के चारो तरफ नाकेबंदी कराने के बाद चार अलग-अलग टीमें बनाकर उठाईगिरी की धरपकड़ के लिये अभियान तेज कर दिया है। बताया जा रहा है कि आभूषण से भरे इस बैग में लाखों रूपये के सोने-चांदी के जेवरात थे, जिन्हें संदिग्ध अज्ञात उठाईगिरों ने बकायदा रेकी करने के बाद आज इस घटना को अंजाम दिया है।

## षष्ठम विधानसभा का तृतीय सत्र 22 से 26 जुलाई तक

**रायगढ़, 3 जुलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का षष्ठम विधान सभा का तृतीय सत्र 22 जुलाई से 26 जुलाई 2024 तक आहूत की गई है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने उक्त अवधि में प्राप्त होने वाले तारांकित/अतारांकित विधानसभा प्रश्नों, स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनों, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार/ जानकारी निर्धारित समयावधि में तैयार कराकर शासन को उपलब्ध कराने हेतु एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। सुश्री जांगड़े का मोबा.नं.94241-58990 एवं कार्यालय का दूरभाष नंबर 07762-222132 एवं फैक्स नंबर 07762-222291 है। कलेक्टर श्री गोयल द्वारा जारी आदेश में विधानसभा सत्र के दौरान पत्राचार/ जानकारी निर्धारित समयावधि में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के समस्त विभागों में पदस्थ/कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय त्यागेंगे।

## स्कूल खुलते ही कलेक्टर पहुंचे व्यवस्थाओं का जायजा लेने



**बीजापुर,3 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नये शिक्षा सत्र शुरू होते ही कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने बीजापुर ब्लॉक के आधा दर्जन स्कूलों का औचक निरीक्षण किया और अनुपस्थित शिक्षकों के वेतन कटौती एवं लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आश्रम, छात्रावास तथा स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति, स्कूलों की साफ-सफाई, मध्यान्ह भोजन मीनू चार्ट, टाईम टेबल तथा कक्षाओं के नामकरण का जायजा लिया।

शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने की दिशा में शिक्षकों की भूमिका प्रभावी हो इसके लिए कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने बीजापुर ब्लॉक के अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास, प्री मेट्रिक बालक छात्रावास, कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय, प्राथमिक शाला दुगोली, माध्यमिक शाला दुगोली, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला तुरनार, जनपद प्राथमिक शाला तुरनार पहुंचकर शैक्षणिक गतिविधियों के साथ भोजन एवं आवासीय व्यवस्था का निरीक्षण किया।कन्या छात्रावास बीजापुर अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति में कार्यरत दोनो अधीक्षिकाएं सहित सभी भृत्य अनुपस्थित रहे। संस्था में 10 बालिकाएं उपस्थित मिली जिन्हे उचित नास्ता दिए जाने एवं मीनू चार्ट नहीं होने पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त की। संस्था में अनुपस्थिति एवं लापरवाही को देखते हुए कलेक्टर ने दोनों अधीक्षकों एवं भृत्यों के एक वेतन वृद्धि रोकने के कार्यवाही करने के निर्देश दिए और एक भृत्य को कार्य से पृथक करने के निर्देश दिए।बालक छात्रावास बीजापुर में भी अधीक्षक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले जो विलंब से उपस्थित हुए संस्था में बच्चों की संख्या अत्यंत कम पाई गई तथा मीनू चार्ट और कक्षों के नामकरण की निर्देशों का पालन नहीं किया गया। यहां पर अधीक्षक ने मुर्गी पालन केन्द्र बनाया हुआ था जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त कर 24 घंटे के भीतर हटाते हुए साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रसोईया के वेशभूषा एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय में 03 शिक्षिकाएं अपने कर्तव्य पर अनुपस्थित पाई गई। यहां की अधीक्षिका ने संस्था में मीनू चार्ट एवं कक्षाओं के नामकरण के निर्देश का पालन नहीं किया जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित शिक्षिकों सहित अधीक्षक के उपर एक दिन के वेतन कटौती की कार्यवाही का निर्देश दिया। संस्था में बच्चों को भोजन में चावल और सब्जी परोसा गया था जिस पर कलेक्टर ने प्रतिदिन मीनू के अनुरूप दाल एवं सब्जी उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला दुगोली तथा प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला तुरनार एवं जनपद प्राथमिक शाला तुमनार का निरीक्षण कर देरी से आने वाले शिक्षकों को समय पर स्कूल पहुंचने और अनुशासन स्थापित करने के निर्देश दिए। बच्चों को शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई गणवेश और पाठ्य पुस्तक वितरीत किये जाने का जायजा लिया और समयबद्ध पाठ्यक्रम अनुसार शैक्षणिक गतिविधियों संचालित करने के निर्देश दिए।

# जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का ले रहे कलेक्टर संज्ञान



**रायगढ़, 3 जुलाई।** जिला कार्यालय के सृजन सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में आज कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों से मुलाकात की। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगों, समस्याओं और शिकायत संबंधी सभी आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए निराकरण कराने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। ग्राम मुरालीपाली निवासी कुमारी बबीता यादव आज अपने पिता के साथ अपने पैर के ऑपरेशन के लिए आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उन्हें जन्म से ही मधुमेह की समस्या है। जिसके कारण पैर में घाव हो चुका है। डॉक्टरों को दिखाने पर मवाद होने की बात कह कर ऑपरेशन की सलाह दी गई। ऑपरेशन के बाद भी घाव ठीक नहीं होने के कारण संक्रमण बढ़ चुका है। जिससे हालात और भी खराब हो गई है एवं चलने में कठिनाई हो रही है। दोबारा जांच पर डॉक्टरों ने घुटने के नीचे पैर कटवाने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि वे अत्यंत गरीब परिवार से हैं एवं उनके माता-पिता मजदूरी कर उनका भरण-पोषण कर रहे है। उन्होंने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल से इलाज हेतु आग्रह किया। कलेक्टर श्री गोयल ने स्वास्थ्य विभाग को बेहतर से बेहतर इलाज करवाने हेतु स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया।इसी प्रकार रायगढ़ निवासी देवेंद्र चौधरी आज अपने पुत्र का आरटीई के माध्यम से स्कूल में प्रवेश दिलाने हेतु आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने दो स्कूलों में फॉर्म भरा था। जिसमें दोनों स्कूलों में अनुमोदन कर लिया गया लेकिन वे निजी स्कूलों में पढ़ना चाहते हैं। लेकिन वह स्कूल उनका फॉर्म नहीं ले रहे है। उन्होंने उक्त स्कूल में अपने पुत्र का प्रवेश दिलाने का निवेदन किया। इसी तरह रायगढ़ निवासी रजनी ध्रुव अपने भाई के प्रवेश संबंधी समस्या लेकर आई थी। उन्होंने बताया कि उनका भाई स्वामी आत्मानंद स्कूल धरमजयगढ़ से पढ़ाई किया है, लेकिन धरमजयगढ़ में कोई भी अभिभावक नहीं होने के कारण रहने में असुविधा हो रही है। उन्होंने कलेक्टर श्री गोयल से अपने भाई का दसवीं कक्षा में अध्ययन हेतु स्वामी आत्मानंद रायगढ़ में प्रवेश दिलाने का आग्रह किया। कलेक्टर श्री गोयल ने तत्काल डीईओ को संबंधित आवेदन पर निराकरण करने के निर्देश दिए। संजय नगर निवासी बीना देवी आज राशन कार्ड के संबंध में आवेदन लेकर पहुंची थी।

## डॉक्टर दिवस पर जिले के चिकित्सक हुए सम्मानित



**रायगढ़, 3 जुलाई।** सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में डॉक्टर दिवस का आयोजन किया गया। डॉक्टर दिवस डॉक्टरों के अनमोल सेवाओं को सम्मानित करने के लिये मनाया जाता है। स्वास्थ्य और उपचार के प्रति डॉक्टरों की अटूट प्रतिबद्वता के लिए उनका आभार व्यक्त करने का एक खास अवसर है, यह खास दिन डॉक्टरो और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के योगदान का सम्मान करता है साथ ही उनके निःस्वार्थ भाव से लोगों को ठीक करने, समाज के प्रति डॉक्टरों के समर्पण और योगदान का सम्मान करने हेतु जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने समस्त डॉक्टरों को सम्मान करते हुए उन्हें पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किया। डॉक्टर दिवस के अवसर पर वरिष्ठ डॉक्टर डॉ.एच.उराव, डॉ एस.एस.उपाध्याय, डॉ. वाय.के. सिंदे, डॉ.पदमन पटेल, डॉ.आर.एन.मंडावी, डॉ.रूपेन्द्र पटेल जिला स्थानीय कार्यालय रायगढ़ से डॉ.टी.जी.कुलवेदी, जिला मलेरिया अधिकारी, डॉ.बी.पी.पटेल जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ केनन डेनियल जिला नोडल अधिकारी आईडीएसपी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा, डॉ. राजेश मिश्रा आरएमएनसीएच ए, जिला चिकित्सालय से डॉ उषा किरण भगत, डॉ. सुषमा एक्का, डॉ.मीना पटेल, डॉ,प्रकाश चेतवानी, डॉ.दिनेश पटेल, डॉ राजकुमार गुप्ता, विकासखंड से डॉ.रजनी पटेल, डॉ. दिनेश नायक, डॉ.अशोक अग्रवाल, डॉ.अभिषेक पटेल विकासखड चिकित्सा अधिकारी (खरसिया), डॉ. सुरेन्द्र कुमार पैंकरा, डॉ हितेश जायसवाल विकासखंड चिकित्सा अधिकारी (लोईंग), डॉ. आशीष मिंज विकासखंड चिकित्सा अधिकारी (तमनार), डॉ. लखन पटेल विकासखंड चिकित्सा अधिकारी (लैलूंगा), शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ..काकोली पटनायक को सम्मानित किया गया।

# स्कूलों में पाठय-पुस्तक और गणवेश वितरण करें सुनिश्चित:कलेक्टर



**रायगढ़, 3 जुलाई।** स्कूलों में नए सत्र शुरू हो गए हैं। स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव के बाद पाठ्य पुस्तक और गणवेश वितरण का काम पूरा हो जाना चाहिए। सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी यह काम सुनिश्चित करेंगे। उक्त बातें कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज समय-सीमा की बैठक के दौरान जिला शिक्षाधिकारी से कही। उन्होंने साथ ही कहा कि स्कूल में प्रवेश लेने वाले बच्चों के आय, निवास और जाति प्रमाण पत्र बनाकर उनको देने हैं। इसके लिए एसडीएम और बीएमओ पहल करें। स्कूलों से जानकारी लेकर उसे ऑनलाइन अपडेट करें और सभी बच्चों के प्रमाण पत्र बनाने का काम सितंबर माह तक पूरा कर लिया जाए। बच्चों की जानकारी प्रदान करने का काम शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री गोयल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फील्ड निरीक्षण के दौरान स्कूलों का भ्रमण भी अवश्य करें।

कलेक्टर श्री गोयल ने भू-अर्जन के पश्चात रिकॉर्ड अपडेशन पर जोर देते हुए कहा कि यह कार्य प्राथमिकता से किया जाए। इसके लिए सभी विभागों से जानकारी संकलित कर उसका वेरिफिकेशन करते हुए रिकॉर्ड्र्स को अद्यतन करने का काम किया जाए। बैठक के दौरान उन्होंने ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल में दर्ज प्रकरणों और समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण की तहसील वार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरण ऑनलाइन दर्ज किए जाने के साथ उन्हें निर्धारित अवधि में निराकृत करें। समय-सीमा के बाहर प्रकरण लंबित नही दिखना चाहिए। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का भी समय-सीमा में निराकरण कर आवेदकों को सूचित करने के निर्देश उन्होंने दिए।कलेक्टर श्री गोयल ने किसानों के केसीसी निर्माण को लेकर समीक्षा की। उन्होंने ब्लॉक वार कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्यानिकी से जुड़े किसानों के केसीसी निर्माण के पिछले सप्ताह की प्रगति के आंकड़े लिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी और केसीसी जारी करने वाले बैंक आपसी समन्वय से काम करें। फील्ड निरीक्षण समय से पूरा करते हुए केसीसी के लिए प्राप्त आवेदनों को निराकृत करें। अपेक्स बैंक के साथ ही अन्य बैंकों द्वारा केसीसी निराकरण की स्थिति की जानकारी उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को तैयार करके देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने जिले में गठित एफपीओ और मंडियों की आय बढ़ाने के संबंध में कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश कृषि और मंडी बोर्ड के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने जिले में खाद बीज भंडारण और वितरण के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर श्री गोयल ने आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति को लेकर स्वास्थ्य विभाग और जनपद पंचायत के अधिकारियों की सराहना की। साथ ही आगे भी इसी गति से कार्ड बनाने का काम जारी रखने के लिए कहा। जिससे जिले के शत-प्रतिशत नागरिकों के कार्ड बनाए जा सकें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के शहरी घटक की प्रगति को लेकर असंतोष जाहिर किया और काम की स्पीड बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को जिले के सभी नगरीय निकायों के आवास निर्माण की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय निकाय के अधिकारियों से कहा कि बारिश के दौरान जल जमाव को लेकर सतर्क रहें। यदि बारिश के दौरान कहीं ऐसी स्थिति बनती है तो तत्काल वहां पानी निकासी की व्यवस्था बनवाएं।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, वनमंडलाधिकारी रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### पर्यटन को बढ़ावा देने बनाया जाएगा टूरिज्म एसेट बैंक

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजना अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने जिले का टूरिज्म एसेट बैंक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल जिसमें ऐतिहासिक महत्व की इमारतें, प्राकृतिक व दर्शनीय स्थलों जिससे हार्ड एसेट के साथ यहां के मेले और उत्सव जैसे सॉफ्ट एसेट भी शामिल हैं। इसके साथ ही ईको टूरिज्म के दृष्टि से उपयुक्त स्थलों को भी इसमें शामिल किया जा सकता हैं। उन्होंने वन मंडल अधिकारियों के साथ सीईओ जनपदों को उनके क्षेत्र से संबंधित यह जानकारी संकलित करने के निर्देश दिए।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को लेकर रहें अलर्ट, बांधों के जलस्तर की रोजाना हो रिपोर्टिंग

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि अभी बरसात शुरू हुई है। अधिक बारिश होने पर जिले का कुछ हिस्सा बाढ़ से प्रभावित होता है। इसको लेकर सभी संबंधित अधिकारी अलर्ट रहें। जिले में महानदी, केलो और मांड नदी के साथ बांधों के जलस्तर की निगरानी रखते हुए रोजाना रिपोर्टिंग करें। इसमें पिछ्ले सालों के दौरान किस स्तर पर पानी पहुंचने पर बांध से पानी छोड़े जाने को लेकर अपनी तैयारी रखें। इसके लिए जरूरी सूचना तंत्र को भी एक्टिवेट रखने के निर्देश उन्होंने दिए।


## एक नजर

### 6 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त



**बलौदाबाजार 3 जुलाई।** थाना लवन पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैधानिक कार्यों को बढ़ावा देने वाले एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में दिनांक 02/07/2024 को थाना लवन से सउनि मोहित मलिक व हमराह स्टाफ की पुलिस टीम द्वारा ग्राम धाराशिव में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी भोगीराम उम्र 29 साल निवासी ग्राम धाराशिव थाना लवन से कुल 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत ?1200 जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना लवन में अप.क. 290/24 धारा 34(2) आब0 एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध की गई है।

### रथ यात्रा की तैयारी के लिए बैठक



**छुरा 3 जुलाई।** नगर में प्रतिवर्ष की भांति इसवर्ष भी महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की रथ?यात्रा की तैयारी जोरों पर चल रही है। इस हेतु नगर के समस्त हिन्दू धर्म प्रेमी समस्त युवा, व्यापारी, जनप्रतिनिधि, मानस परिवार के सदस्य, सेउक समाज के लोगों को दायित्व के साथ अधिक से अधिक शामिल होने हेतु प्रस्ताव बनाया गया है। इस बार रथयात्रा का विशेष आकर्षण उड़ीसा से आने वाले 60 सदस्यीय नर्तक दल रहेंगे जो कि हरिबोल भजन कीर्तन मंडली नरसिंगनाथ से आयेंगे। साथही 10 फीट ऊंची हनुमान जी की विशेष झाँकी का दर्शन का लाभ नगरवासी एवं क्षेत्र के भक्तों को होगा जो रथयात्रा के आगे चलेगी। मानस मंदिर सचिव शीतल ध्रुव ने बताया कि 7 जुलाई दिन रविवार को रथ?यात्रा का पर्व धूम धाम से दोपहर 2 बजे पूजन अर्चन उपरांत मानस मंदिर से निकलेगी जो पूरे नगर में प्रतिवर्ष की भांति भ्रमण करेगी। दानदाताओं द्वारा महाप्रसाद हेतु मूंग चना, गुड़, शक्कर का दान किया जा रहा है ।आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति अध्यक्ष ओंकार शाह ,सचिव बजरंग पांडे, लखन तिवारी, पुजारी यज्ञेश पांडे,धनंजय शुक्ला , शैलेन्द्र दीक्षित, अखिल चौबे, ,निखिल साहू, विक्कू चंद्राकर,मोनू सेन , मिथलेश सिन्हा,मोनू दीक्षित, नरेंद्र पटेल,विकास देवांगन,सफर सचदेव, सागर सचदेव, प्रतीक शर्मा , प्रहलाद पटेल, सुनील सचदेव,रजत कुकरेजा,अश्वनी देवांगन,उज्वल जैन,भोला पांडेय,विनोद देवांगन, ललित वर्मा, हीरालाल ठाकुर,पुखराज ठाकुर,विमल पुरोहित,ओमप्रकाश यादव एवम हिंदू धर्म प्रेमी ,महिला मंडल आदि लगे हुए हैं।

### शराब कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 3 जुलाई।** थाना सुहेला पुलिस द्वारा शांति भंग करने वाले असमाजिक तत्वों, जुआ, शराब, सट्टा आदि अनैतिक कार्यों में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में दिनांक 01.07.2024 को मुखबिर सूचना पर थाना सुहेला पुलिस की टीम द्वारा रेड कार्यवाही कर ग्राम साराडीह में अवैध रूप से शराब बेचने वाले आरोपी अमर उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम साराडीह थाना सुहेला को पकड़ा गया। आरोपी से 35 पाव देसी मदिरा मसाला शराब कीमती ?4550 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सुहेला में अपराध क्र. 161/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# कसडोल भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

## राहुल गांधी के द्वारा हिन्दुओं को हिंसा करने, झूठ बोलने, नफरत फैलाने के कथित बयान का किया विरोध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल 3 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर साहू के नेतृत्व में युवाओं ने संसद सत्र के दौरान राहुल गांधी के द्वारा हिन्दुओं को हिंसा करने, झूठ बोलने, नफरत फैलाने के कथित बयान के विरोध में युवा मोर्चा के द्वारा नगर के मुख्य स्थल पुराना नगर पंचायत के पास पुलिस आरक्षकों के साथ झुमा झटकी में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया तत्पश्चात नागेश्वर साहू भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष साहू ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के एक सांसद के द्वारा इस तरह का बयान शोभा नहीं देता, उनको इस पर तत्काल माफी मांगनी चाहिए .शर्म आनी चाहिए ! और अंत





में पुनेश्वर नाथ मिश्रा ने आज के कार्यक्रम के लिए सभी युवाओं का आभार ज्ञापित किया। उक्त कार्यक्रम में मण्डल मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर साहू, पुनेश्वर नाथ मिश्रा अधिवक्ता एवं आरएसएस नगर प्रमुख,भाजयुमो मण्डल उपाध्यक्ष रेशम वर्मा व तेजनाथ पटेल, सोसल मीडिया प्रभारी सुंदर साहू, कमल श्रीवास, राजेंद्र साहू, धर्मेंद्र पैकरा सरपंच बोरसी,भजन यादव, लोमश पाठक, रामा धीवर, लालू साहू, शिव साहू, देवेंद्र यादव, दिलहरण साहू, नंदू धीवर, चंदन वर्मा, अजय श्रीवास, ओमप्रकाश यादव, संजय साहू, खिलेश वैष्णव, प्रदीप पाठक, रवि सेन,गौरीशंकर सेन, हरिशंकर यादव, राजा पाठक, सूर्या धीवर और दिगेश्वर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

# बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी:राम पंजवानी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 3 जुलाई।** ब्लॉक के शासकीय हाई स्कूल भींभोरी में आज भव्य रूप से संकूल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया नवप्रवेश बच्चो को पुस्तक गणवेश के साथ मिष्ठान वितरण किया गया आज अतिथियों के साथ साथ पालकों शिक्षक ने नन्हे बच्चों का स्वागत किया गया भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राम पंजवानी जिला पंचायत सदस्य राजू शर्मा जनपद सदस्य चंद्रकांत साहू सरपंच आर के वर्मा उपसरपंच नरसिंह वर्मा प्राचार्य बी पी वर्मा संकुल समन्वयक सुभाष गिरी गोस्वामी शाला प्रबंधन समिति और पालक गण विद्यालय में हो रहे कार्यो से प्रसन्नता व्यक्त की सरकारी स्कूल के इस तरह से कायाकल्प पर सभी अतिथियों ने प्रधान पाठक शिक्षक सहित पूरे ग्रामवासियों को बधाई शुभकामनाएँ दी राम पंजवानी ने संबोधन में कहा बच्चे शिक्षा के साथ संस्कार व संस्कृति भी ग्रहण करें जीवन में हर क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखें शिक्षकों से कहा जो बच्चे स्कूल नहीं आते हैं या पढ़ाई ठीक से नहीं करते हैं तो उनके परिवार जनों से सम्पर्क कर बच्चों स्कुल आने के लिए प्रेरित करे।

सभापति राजू शर्मा ने कहा आज का युग इंगलिश मिडिल का है शासकीय स्कुल में दर्ज संख्या कम हो रहीं हैं पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार करें नियमित स्कूलों में शिक्षकों उपस्थिति रहे वृक्षारोपण पर भी ज़ोर दिया कहा हर पालक एक वृक्ष ज़रूर लगाये जन पंचायत के सदस्य चंद्रकांत साहू ने कहा बच्चे पढ़ेंगे तो देश आगे बढ़ेगा समाज और परिवार आगे बढ़ेगा बच्चों से कहा नियमित स्कुल आ कर पढ़ाई करें सरपंच आर के वर्मा ने कहा गाँव का विकास तभी होगा जब शिक्षा का स्तर सुधरेगा स्कुल में बडा रंग मंच और प्रार्थना हेतु शेड निर्माण की माँग रखी प्रर्चाय सब अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# हज यात्रा के नाम से ठगी करने वाला आरोपी नागपुर से गिरफ्तार

■ **हज ले जाने के नाम से कुल 14,73,500/-रू. की ठगी की थी**

**डोंगरगढ़ 3जुलाई।** हज यात्रा के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि प्रार्थी मो0 इकबाल खान पिता स्व0 इब्राहिम खान उम्र- 65 साल निवासी कालकापारा डोंगरगढ़ ने थाना डोंगरगढ़ में 21 जून 2024 को एक लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि इमरान शेख निवासी नागपुर द्वारा हज यात्रा में ले जाने के नाम से अलग-अलग किस्त में कुल- 8,25,000/-रू0 एवं सद्दाम हुसैन खान पिता स्व0 मो0 बशीर खान उम्र- 32 साल निवासी वार्ड न0- 21 रजा नगर डोंगरगढ़ से अलग-अलग किस्त में कुल- 6,48,500/-रू0 कुल 14,73,500/-रू0 जमा कराया गया था व विश्वास दिलाया गया था कि हज में जाने का रजिस्ट्रेशन हो गया है। 22 मई 2024 को मुबंई से हज के लिये भेजा जाना बताया था जिसके बाद 22 जून को नहीं जाना है 09 जुलाई 2024 को मुंबई हवाई अड्डा से सउदी अरब के मक्का शहर हज हेतु भेजा जायेगा कहा गया जिसके लिये 07 जून 2024 को नागपुर रेलवे स्टेशन बुलाया गया था व बताया था कि मुंबई जाने के लिये दुरन्तो ट्रेन में रिजर्ववेशन हो चुका है व 04 जून 2024 को इमरान शेख टिकट, विजा लेकर डोंगरगढ़ आने वाला था लेकिन इमरान ने अपना मोबाईल फोन स्वीच ऑफ कर दिया गया था व डोंगरगढ़ नहीं आया तब ठगी की आंशका होने पर 07 जून 2024 को रेलवे स्टेशन नागपुर गये जहां मुंबई जाने वाली दुरन्तो एक्सप्रेस का रिजर्ववेशन चार्ट चेक किया जिसमें नाम नहीं था जिसके बाद प्रार्थी के द्वारा अलशुफा हज टूर कंपनी धुलिया में पता किया तो पता चला कि इमरान शेख ने वहां पैसा जमा नहीं किया है इस प्रकार आरोपी इमरान शेख निवासी नागपुर, जिला नागपुर (महा0) ने कुल 14,73,500/-रू0 ठगी किया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक- 357/2024 धारा- 420 भादवि0 कायम कर अपराध की घटना की गंभीरता को देखते हुये आरोपी को पकड़ने टीम तैयार कर नागपुर भेजी गई जिस पर आरोपी इमरान शेख पिता शहीद शेख उम्र- 32 वर्ष, निवासी पेंशन नगर, पुलिस लाईन टाकली, थाना गिट्टी खदान, जिला नागपुर (महा0) को नागपुर से पकड़कर पुछताछ किया जो प्रार्थीगण से हज ले जाने के नाम से रकम लेना स्वीकार किया व हज के काम में नुकसान होना तथा घर खर्च एवं अन्य उधारी में रूपये खर्च होना बताया गया । आरोपी द्वारा प्रार्थी के साथ विश्वासघात करने पर मामले में धारा- 406 भादवि0 जोड़ी जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर म न्यायालय पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा, उप निरीक्षक राजेश कुमार, आरक्षक चमन साहू, लीलाधर मंडलोई का विशेष योगदान रहा है।





**बलार जलाशय में मत्स्य पालन हेतु आवेदन 15 जुलाई तक: बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ राज्य मछली पालन विभाग क़े अधीनस्थ जिला बलौदाबाजार - भाटापारा में स्थित बलार सिंचाई जलाशय को मत्स्य पालन, मत्स्याखेट एवं मत्स्य विक्रय क़े लिए 10 वर्ष क़े पट्टे पर देने हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र. कं. 202406092100013 अ/2 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक चंदन आ विजय कुमार हाल निवासी चौहान टाउन फ्लेट नम्बर 17 ब्लाक इ-8 जुनवानी भिलाई जिला दुर्ग द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम कोलिहापुरी प.ह.न. 19 रा.नि.मं. लाल बहादुर नगर तहसील लाल बहादुर नगर में स्वामित्व में खसरा नंबर 883/1, 883/2 रकबा 0.29, 0.56 एकड़ भूमि स्थित है। उक्त भूमि को भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के पेट्रोल पम्प प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनाँक 05/07/2024 तक स्वंय उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनाँक 03/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)**



**शपथ पत्र/नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुदीक्षा जुमननी पति सुनील जुमननी उम्र 46 वर्ष निवासी- क्यू- 13, नियर वी.आई.पी. चौक, जीवन विहार कॉलोनी तेलीबांधा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की हूं, पूर्व में मेरा नाम शोभा आसवानी था, जो कि मेरे कक्षा दसवीं तक के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज है विवाह पश्चात मेरा नाम परिवर्तित कर सुदीक्षा जुमननी रखा गया है जो कि मेरे स्नातक, स्नातकोत्तर के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है, मेरा परिवर्तित यह नया नाम मेरे समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय अभिलेखों में दस्तावेजों में दर्ज कराने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दी हूं।

अतः अब से मुझे सुदीक्षा जुमननी पति सुनील जुमननी के नाम से जाना, पहचाना, पुकारा व दर्ज किया जावें।

**सुदीक्षा जुमननी**
**निवासी- क्यू- 13, नियर वी.आई.पी. चौक, जीवन विहार कॉलोनी तेलीबांधा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**


# राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 929 आवेदनों का किया गया निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,3 जुलाई।** राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में दूसरे दिन कुल 965 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 929 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। साथ ही बचे हुए 36 आवेदनों को समय-सीमा में दर्ज किया गया। आज प्राप्त आवेदनों में तहसील बलौदाबाजार के 122, लवन 384, पलारी 119, भाटापारा 79, सिमगा 27, सुहेला 22, कसडोल 63, टुण्डरा 62 एवं सोनाखान 87 आवेदन शामिल है। जिसमें से तहसील बलौदाबाजार के 119, लवन-373, पलारी-111, भाटापारा-76, सिमगा-25, सुहेला-19, कसडोल-57, टुण्डरा 62 एवं सोनाखान 87 आवेदनों का निराकरण किया गया है। जिसमें 45 ग्रामों में बी-1 पाठन, अविवादित नामांतरण-31, अविवादित बंटवारा-8, सीमांकन-1, अभिलेख त्रुटि सुधार-3, आर.बी.सी.6-4 के 2, फौती नामांतरण-21, बंटवारा-2, आय, जाति, निवास-831 एवं अन्य-62 आवेदन शामिल है। इसके साथ ही 29 किसानों को मौके पर किसान किताब भी प्रदान किया गया। उक्त शिविर में राजस्व अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित पटवारी, कोटवार, सरपंच सचिव भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिले से डिप्टी कलेक्टर बी.के.ध्रुव एवं एसडीएम अमित गुप्ता के द्वारा परसाडीह में आयोजित शिविर का आकस्मिक निरीक्षण भी किया गया। आज 3 जुलाई को ग्राम पंचायत रसेड़ा, चंगोरी, देवसुन्द्रा,दतरेंगी, संजारी नवागांव, फरहदा, गिरौद एवं बार में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा।





### तुरमा में डायरिया के मिले 82 मरीज खबर मिलते ही गांव पहुंचे कलेक्टर

**बलौदाबाजार, 3 जुलाई ।** बलौदाबाजार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत तुरमा में डायरिया के 82 मरीज मिले है। डायरिया के बढ़ते मामले को देखते हुए आज कलेक्टर दीपक सोनी ने तुरमा पहुंचकर गांव के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। साथ ही मरीजों से मुलाकात कर स्वास्थ्य शिविर का भी जायजा लिया। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 1 जुलाई को 76 मरीज एवं 2 जुलाई 41 मरीजों का चिन्हांकन किया गया।


**नाम त्रुटि सुधार**

मै मुकेश कुमार प्रसाद उम्र 45 वर्ष पिता रामावतार ग्राम किरन्दुल पोस्ट किरन्दुल जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा का निवासी हूं।

मेरे आर्मी के सर्विस रिकार्ड में लांस नायक मुकेश कुमार प्रसाद रैंक नं. 76286 में त्रुटिवश मेरे माता-पिता की जन्म तिथि व मेरे पिता और पुत्र का नाम गलत दर्ज हो गया है।

जबकि मेरे पिता की सही जन्म तिथि 09/10/1942 है और मेरी माता की सही जन्म तिथि 01.01.1946 है। तथा मेरे पिता की सही नाम रामावतार है और मेरे पुत्र का सहीं नाम अंश कुमार प्रसाद है। इसे सही माना जाए।

**मुकेश कुमार प्रसाद**
**पिता रामावतार**
**निवासी ग्राम-किरन्दुल ,**
**पो.-किरन्दुल थाना किरन्दुल,**
**जिला- दंतेवाड़ा**



**न्यायालय कार्यपालन दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार महासमुंद, जिला महासमुंद**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि ग्राम जिवतरा निवासी आवेदक/आवेदिका केशव साहू पिता रिखीराम जाति तेली द्वारा आवेदक/आवेदिका की दादी हिरमत निवासी ग्राम जिवतरा तहसील व जिला महासमुंद की मृत्यु दिनांक 19/09/2022 को हो चूकी है तथा आवेदक/ आवेदिका की दादी हिरमत पति सुन्दर तहसील व जिला-महासमुंद की मृत्यु दिनांक 19/09/2022 को हो चूकी है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय की पेशी तारीख 10/07/2024 को पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/06/2024 को मेरे हसताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) **नायब तहसीलदार महासमुंद**



**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Co. of CSEB) CIN – U40108CT2003SGC015820 GST No. 22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (COMMUNICATION & TELEMETRY), C.S.P.TRANS. Co.Ltd., BHILAI
E-mail ID-ceecntcsptcl.bhilai@cspc.co.in, Ph.No.-0788-2281300 Website:-www.cspc.co.in

**NO. 02-18/ CE(C&TM)/ TR-24/01/373** **Dated: 01.07.2024**

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Sealed tenders are invited for the deployment of 04 nos. Security Guards on outsourcing basis for office of CE(C&TM), CSPTCL, Bhilai for the period of one year through e-bidding:

| TR No | Name of work | EMD (Rs.) | Cost of tender form (Rs.) (Incl. GST@18%) | Date of opening |
|---|---|---|---|---|
| Tender -02-18/CE(C&TM) /TR -24/01/373, Dtd. 01.07.2024 (RFX - 8100037864) | Deployment of 04 nos. Security Guards on outsourcing basis for office of CE (C&TM), CSPTCL, Bhilai for the period of one year. | 8,000/- | 590 /- | 22.07.2024, 15:30Hrs. |

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our web site 'www.cspc.co.in/csptcl/tender notices/Communication & Telemetry/Latest Tenders'.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer
(Communication & Telemetry),CSPTCL, Bhilai

samvad-40655/3



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)
Email - ID : ee-res.kondagaon@nic.in, Fa& & Ph. No.-07786-242243

**मैनुअल पद्धति वर्ष 2024-25 हेतु सूचना क्रमांक 02 (प्रथम दौर)**

**निविदा आमंत्रण**

**कमांक/02/व.ले.लि./ नि.प्र./ग्रा.यां. सेवा/2024कोण्डागांव, दिनांक 01/07/2024**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है सभी कार्यों की निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि **15.07.2024 शाम 5.00 बजे** तक।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवीन भवन बयानार में बाह्य एवं आंतरिक विद्युतीकरण कार्य (भाग I एवं II सहित) विकासखण्ड कोण्डागांव | 9.44 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in दिनांक 02.07.2024 से देखी एवं डाऊनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग**
**कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव**

जी- 242500737/3

पढ़ोगे तो आगे बढ़ोगे



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
**कार्यालय–कार्यपालन यंत्री, उपकेन्द्र संभाग–दो, रावणभाटा, रायपुर**
(छत्तीसगढ़ भासन का एक उपकम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कंपनी ) CIN-U40108CT2003SGC015820
(Address: 132 KV GIS S/s Building, Rawanbhata, Near Bhatagaon Chowk, Raipur) Fax/Phone No. 0771-2576453,Email – eess2trans.raipur@cspc.co.in

क्रमांक / 52–68 / क्रय / वाहन / 561 रायपुर, दिनांक : 28.06.2024

**/ /निविदा आमंत्रण सूचना/ /**

**लाईट कॉमर्शियल वाहन पिकअप (1.7–2.2) टन अथवा समकक्ष वाहन के अस्थायी अल्पकालीन अनुबंध हेतु**

कार्यपालन यंत्री, उपकेन्द्र, संभाग–दो, छ.स्टेट.पॉ.ट्रांस. कं लिमि., रावणभाटा, रायपुर के अंतर्गत सहायक यंत्री, 132 के.व्ही. उपकेन्द्र, झलप के लिये वाहन चालक सहित 01 नग लाईट कॉमर्शियल वाहन पिकअप (1.7–2.2) टन अथवा समकक्ष वाहन के अस्थायी अल्पकालीन अनुबंध (दो वर्ष) हेतु पंजीकृत / उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक 18.07.2024 समय 05:00 बजे तक | दिनांक 19.07.2024 समय 03:00 बजे तक | दिनांक 19.07.2024 समय 04:00 बजे तक |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट **http://cspc.co.in/csptcl_tendernotices** से डाउनलोड की जा सकती है।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाये

कार्यपालन यंत्री
उपकेन्द्र संभाग–दो छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रांस.लिमि., रायपुर

Samvad-40656/3


## सरपंच द्वारा नेवता भोज का आयोजन

# ताराशिव में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 3 जुलाई।** तिल्दा ब्लॉक के ग्राम ताराशिव मे शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मे नव प्रवेशी शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, और हायर सेकेंडरी स्कूल ताराशिव के बच्चों का शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता ताराशिव सरपंच मनीष वर्मा द्वारा किया गया विशेष अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जाहिरे सर,जनपद पंचायत तिल्दा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक गोस्वामी सर उपस्थित रहें जिसमे शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर बच्चों को स्कूल ड्रेस, किताब पेन बाटा गया व तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया, साथ ही शाला परिसरो मे सभी उपयुक्त जगह पर वृक्षारोपण किया गया! 02 जुलाई को जन्मदिन के अवसर पर सरपंच मनीष वर्मा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला, मिडिल स्कूल के बच्चों को नेवता भोज मे खीर,पूड़ी, मिठाई, केला, मिक्सचर, पापड़ प्रदान किया गया! हायर सेकेंडरी स्कूल ताराशिव के बच्चों के लिए नाश्ता वितरण किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति राजू शर्मा ने कहा की आजादी के 75 साल बाद भी स्कूलों में अगर शिक्षक,अतिरिक्त शाला भवन, या अन्य प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए अगर कमी हो तो जल्द बेवस्था मे सुधार करने की आवश्यकता है व्यक्ति पढेगा तो उसमे विवेक रहेगा अपने स्वास्थ्य और जीवनयापन के लिए धन कमाने की व्यवस्था कर लेगा, बेटियां सब जगह आगे होती जा रही है बेटों के ऊपर भी ध्यान देने शासन को प्लान बनाने के आवश्यकता है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच मनीष वर्मा ने कहां की आप सभी के सहयोग से मेरा जन्मोत्सव अविष्मरणीय बन चुका है क्योंकि शाला मे आप सब के मध्य केक काटकर कर जन्मदिन मानना खास रहा, सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें, छात्र जीवन ही सबसे अनमोल समय है जिसमे व्यक्ति के जीवन की दशा और दिशा तय होती है सभी जमकर मेहनत करे! कार्यक्रम मे प्रायमारी, मिडिल, हायर सेकेंडरी स्कूल के सभी स्टाफ और बच्चे उपस्थित रहें व विद्यालय परिवार की और से अमिया धृतलाहरे ने आभार व्यक्त करते हुए सरपंच मनीष वर्मा को नेवता भोज के आयोजन और अपना जन्मदिन बच्चों के बीच मनाने के लिए धन्यवाद प्रदान किया व सभी अतिथियों का स्कूल आगमन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



## एक नजर

### नेशनल यूथ फोरम का समापन



**रायपुर 3 जुलाई।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छतीसगढ के माननीय राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी जीके दिशानिर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष जी. स्वामी ,जिला मुख्य आयुक्त डॉ सुरेश शुक्ला , जिला आयुक्त ,जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार खंडेलवाल ,जिला सचिव मृत्युन्जय शुक्ला के मार्ग दर्शन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित नेशनल यूथ फोरम 26 से 30 जून तक , एजुकेशन हब, सिपेट, जिला कोरबा मे जिला संघ रायपुर से प्रभारी गाइडर श्रीमती अपर्णा के नेतृत्व में नीरज कुम्भकार,प्रदीप नायक रोवर तथा कल्पना, मनीषा, खुशी गौतम, लिशा साहू, पल्लवी सोनकर, रेंजर । कुल 6 रेंजर, 2 रोवर, 1 प्रभारी कुल संख्या 9 कैम्प में शामिल हुए। यूथ फोरम में रोवर /रेंजर्स ने विभिन्न शैक्षिक, शारीरिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। स्काउटिंग के शैक्षिक पाठ्यक्रम को गहराई से समझा, साथ ही समूह चर्चा,शैक्षिक भ्रमण में भाग लिया एवं रिकमन्डेशन समिति के चुनाव की प्रक्रिया को जाना।

### एफएमसी इंडिया ने फलों और सब्जियों की सुरक्षा के लिए अभिनव समाधान पेश किए

**रायपुर 3 जुलाई।** प्रमुख कृषि विज्ञान कंपनी, एफएमसी इंडिया ने दो नए इनोवेटिव उत्पाद - वेल्ज़ो और कोसूट फफूंदीनाशक लॉन्च किए हैं। इन्हें फसल उपार्जन के शुरुआती समय से ही फलों और सब्जियों की फसलों को हानिकारक कवक (फफूंद) रोगों से बचाने के लिए तैयार किया गया है। ये उत्पाद किसानों को उनकी भूमि की उत्पादकता और सुदृढ़ता को बढ़ाने वाले अभिनव समाधान पेश करते हैं, जो एफएमसी इंडिया की प्रतिबद्धता को बखूबी दर्शाते हैं। वेल्ज़ोइ और कोसूटइ फफूंदीनाशक को विशेष रूप से भारत में फल और सब्जी की पैदावार करने वाले किसानों की सहायता करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसकी मदद से वे फसल में रोगों का प्रभावी ढंग से नियंत्रण कर सकेंगे और उपज के नुकसान को रोक सकेंगे, जिससे उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली उपज मिल सकेगी।

### आल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसिएशन की 74 वीं वर्षगांठ को बीमाकर्मियों ने जोर शोर से उत्सवित किया

**रायपुर 3 जुलाई।** राष्ट्रीयकृत बीमा उद्योग में कार्यरत कर्मचारियों के अखिल भारतीय संगठन आल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसिएशन की 74 वीं वर्षगांठ को पूरे देशभर में कल 1 जुलाई को एल आई सी व सार्वजनिक क्षेत्र की आम बीमा कंपनियों के कर्मचारियों द्वारा शानदार रूप से उत्सवित किया गया द्य देश भर के बीमा कार्यालयों में इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये द्य संगठन के केंद्रीय मुख्यालय द्वारा इस मौके पर एक ट्वीटर एकॉउंट का शुभारंभ भी किया गया जिससे जुड़कर देश भर के बीमा कर्मचारी अपने विचारों को शेयर कर सकते है द्य इस अवसर पर एल आई सी में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी संवर्ग में तत्काल नई भर्ती आरंभ करने एवं एल आई सी प्रबंधन द्वारा कर्मचारी यूनियन को मान्यता प्रदान किये जाने की मांग पर देश भर के एल आई सी कार्यालयों के समक्ष भोजनावकाश के दौरान प्रदर्शन व सभा का आयोजन कर प्रबंधन को ज्ञापन भी सौंपे गये द्य इस क्रम में एल आई सी के रायपुर मंडल के अधीनस्थ समस्त शाखा कार्यालयों में प्रात- यूनियन का ध्वज फहराया गया एवं दोपहर को गेट मीटिंग आयोजित कर प्रबंधन को ज्ञापन सौंपे गये द्य एल आई सी के रायपुर मंडल में आयोजित ध्वजारोहण एवं द्वार सभा को संबोधित करते हुए सेंट्रल ज़ोन इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसिएशन के महासचिव का. धर्मराज महापात्र ने बीमा उद्योग के क्षेत्र में जारी मोदी सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की द्य उन्होंने कहा कि सन् 1956 में यूनियन द्वारा जारी संघर्षों के चलते भारत सरकार द्वारा 245 से अधिक निजी बीमा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण कर एल आई सी की स्थापना की गई थी द्य राष्ट्रीयकृत बीमा उद्योग ने देश के आर्थिक व ढांचागत विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लेकिन आज इसका विनिवेशीकरण कर एल आई सी व साधारण बीमा निगम की विशाल परिसंपत्तियों को देशी विदेशी निजी कंपनियों की लूट के लिये खोला जाना हमें कतई मंजूर नहीं है द्य केन्द्र सरकार की राष्ट्रीयकृत बीमा उद्योग को बर्बाद करने की नीतियों के खिलाफ आम जनता को एकजुट कर जारी संघर्ष को और तीव्र किया जायेगा।

## निधन

### जगदीश नारायण गुप्ता

**रायपुर।** माथुर वैश्य समाज की रायपुर शाखा के सदस्य हर्षित नगर निवासी विवेक गुप्ता के पिताश्री जगदीश नारायण गुप्ता (84 वर्ष) का सुबह 5.15 बजे दुःखद निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। आज मध्यान्ह महादेव घाट मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया जिसमें बड़ी संख्या में स्वजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# सोलर प्लांट से रौशन होंगे राज्य के सारे पीएमश्री स्कूलः साय

### पहले चरण में प्रदेश के 211 स्कूल बने हैं 'पीएमश्री'

**रायपुर 3 जुलाई।** प्रदेश में बनने वाले सभी पीएमश्री स्कूलों में सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद स्कूलों को सौर ऊर्जा से रौशन करने का काम शुरू हो गया है। इसकी जिम्मेदारी क्रेडा को दी गई है। बीते 6 माह में 193 स्कूलों में से 41 स्कूलों में सोलर पावर प्लांट का काम पूरा हो चुका है। केन्द्र सरकार की पीएमश्री योजना से प्रदेश के स्कूलों को भी जोड़ा जा रहा है। पीएमश्री स्कूलों में बच्चों को आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इन स्कूलों के लिए अलग से फंड भी जारी किया जा रहा है। स्मार्ट क्लास के साथ ही नई शिक्षा नीति के तहत कौशल विकास पर भी जोर दिया जाएगा

छत्तीसगढ़ में पहले चरण में 211 स्कूलों को पीएमश्री बनाया जा चुका है। इनमें 193 स्कूल प्राइमरी (कक्षा एक से पांच), 3 स्कूल मिडिल (एक से आठ), 10 स्कूल कक्षा छठवीं से 12वीं तक तथा 8 स्कूल पहली से 12वीं तक वालेहैं। राज्य शासन द्वारा सभी पीएमश्री स्कूलों में सोलर पावर प्लांट लगाए जाएंगे। इसका काम भी प्रारंभ हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएमश्री स्कूलों को सोलर से रौशन करने का काम क्रेडा द्वारा किया जा रहा है।



क्रेडा को सोलर प्लांट लगाने समग्र शिक्षा की ओर से 11.58 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। सोलर प्लांट के लिए पहली किस्त के रूप में दिसंबर-23 में 3.45 करोड़ रुपए 59 स्कूलों के लिए दिए गए थे। इनमें से 24 स्कूलों में रूफटॉप लग चुके हैं। दूसरी किस्त जनवरी-24 में 1.44 करोड़ रुपए 24 स्कूलों के लिए क्रेडा को दिए गए। इनमें से 17 स्कूलों में सोलर प्लांट का काम पूरा हो चुका है। 6 जून को 110 स्कूलों के लिए 6.6 करोड़ रुपए जारी किए गए थे।

दूसरे चरण में हायर सेकेण्डरी स्कूलों को पीएमश्री के लिए चयनित किया जाएगा। प्रदेश से 197 स्कूलों का प्रस्ताव केन्द्र को भेजा गया है। जिला स्तर पर मार्किंग सिस्टम के आधार पर स्कूलों का चयन किया गया है। हायर सेकेण्डरी स्कूलों में ज्यादातर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट योजना वाले हैं। पूर्ववर्ती सरकार ने स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में नहीं बदलने का निर्णय लिया था। इसके कारण हायर सेकेण्डरी स्कूल पीएमश्री योजना से बाहर हो रहे थे। इसे देखते हुए वर्तमान सरकार ने पूर्व में जारी आदेश को निरस्त करते हुए स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूलों को पीएमश्री योजना में शामिल करने का निर्णय लिया।

## छात्राओं को जल्द मिलेगी सायकिल, दो-दो जोड़ी स्कूल ड्रेस भी, कलेक्टर ने दिए निर्देश

**रायपुर 3 जुलाई।** जिले के स्कूली बालिकाओं को जल्द ही साइकिल उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे बालिकाओं को घर से स्कूल आने-जाने में बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही पंचायत व स्कूलों की लाइब्रेरी में पुरानी ऐसी किताबें रखी जाएगी, जो अतिरिक्त हो या जिसे पढ़ा जा चुका है। यह नए विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी और विद्यार्थी अवकाश के दिन में भी उन किताबों को पढ़ सकेंगे। संकुल की पुरानी किताबों को जल्द ही लाइब्रेरी में संग्रहित किए जाएंगे। शासकीय, अनुदान प्राप्त और निजी स्कूलों में पाठ्य पुस्तकों का समय बद्ध वितरण किया जाए।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में समीक्षा करते हुए कहा कि स्कूलों में कीचन गार्डन में ऐसे साग-सब्जी जैसे टमाटर, मिर्ची, धनिया का उत्पादन किया जाए, जो उपयोगी हो और बच्चों के मध्यान्ह भोजन में सब्जी काम आए। साथ ही बच्चों को दो-दो जोड़ी स्कूल ड्रेस जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाएं। कलेक्टर ने कहा कि यदि कोई स्कूल भवन या उसका कोई हिस्सा जर्जर हो और नए भवन का निर्माण कराया जाना हो तो पुराने भवनों का विधिवत रूप से नष्ट किया जाए और उनके मलबे का नीलामी की प्रक्रिया भी करें, इसकी जानकारी स्कूल अभिलेख में दर्ज करें। उन्होंने परीक्षा परिणाम में सुधार लाने और पढ़ाई में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देष दिए।

डॉ. सिंह ने स्कूल शिक्षा विभाग में 3 साल से अनुपस्थित कर्मियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। इसके बाद उन कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने प्रत्येक विकासखंड से दो-दो स्कूल भवन के निर्माण मरम्मत और कीचन शेड बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश भी दिए है। उन्होंने कहा कि किचन शेड ऐसा बनाया जाए जो उपयोगी हो। बालबाड़ी के बच्चों प्राथमिक शाला में दाखिला दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन की जानकारी प्रतिदिन जिला पंचायत सीईओ को भेजी जाए।

इसके अलावा आरटीई, छात्र दुर्घटना बीमा योजना, छात्रवृत्ति, नवाचार, शिक्षक सेटअप, महतारी दुलार योजना, समग्र शिक्षा के कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, डीईओ विजय खंडेलवाल, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा के. एस. पटले समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### एक पेड़ मां के नाम स्कूलों में लगाने का आह्वान

**रायपुर 3 जुलाई।** एक पेड़ मां के नाम लगाने का आव्हान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है. इसी परिपेक्ष्य में सीएम विष्णुदेव साय ने प्रदेश के सभी स्कूल परिसरों में पौधारोपण की अपील सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं पालकों से की है. इस संदर्भ में स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी किया है. जारी पत्र में कहा गया है कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में पेड़ पौधों का अहम योगदान है. पेड़ पौधे हमारा भविष्य सुरक्षित करते हैं. हमारा भविष्य हमारे छात्र-छात्राएं हैं और उनके भविष्य को संरक्षित रखने के लिए पेड़ पौधों का होना अत्यंत आवश्यक है. इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री के किए गए आह्वान एक पेड़ माँ के नाम के अनुपालन में सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं पालकों से अपील की है कि वे एक पेड़ माँ के नाम पर अवश्य लगावें।

### इवेंट मैनेजमेंट शिक्षा को बेहतर बनाने विजक्राफ्ट के साथ साझेदारी

**रायपुर 3 जुलाई।** एएएफटी विश्वविद्यालय का मिशन हमेशा से युवाओं को प्रेरित करना रहा है ताकि वे अपने आप को एक बेहतर रूप में ढाल सकें। इससे उन्हें एक ऐसे कल की कल्पना करने में मदद मिलती है जहां वे मीडिया और कला समुदाय में एकजुटता और कल्याण की भावना को प्रोत्साहित कर सकें। इसका लक्ष्य युवाओं में फिल्म , टेलीविजन, रेडियो ,प्रिंट और डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में कलात्मकता और विशेषज्ञता की भावना विकसित करना है। एएएफटी विश्वविद्यालय लंबे समय से फिल्म टेलीविजन, रेडियो ,प्रिंट और डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में युवा प्रतिभाई को निखारने के लिए समर्पित है। इसका मिशन छात्रों को मीडिया और कला समुदाय में एक मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित करना है। वहीं दूसरी तरफ विजक्राफ्ट माइम इंडस्ट्री का एक प्रमुख इवेंट मैनेजमेंट शैक्षिक संस्थान है। विजक्राफ्ट माइम को बनाने के पीछे की सोच इंडस्ट्री की जरूरत के मुताबिक प्रतिभाओं को तैयार करना है। चुने गए प्रतिभागियों को इंडस्ट्री के सर्वश्रेष्ठ पेशेवरों के साथ प्रशिक्षण दिया जाता है। हाइब्रिड प्रारूप के तहत क्लास प्रशिक्षण को ऑनलाइन लेक्चर और प्रोजेक्ट अनुभवों के साथ ट्रेनिंग दी जाती है जिसके माध्यम से छात्रों को इस तेजी से बढ़ती इंडस्ट्री में बेहतर करियर के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। संगठन न्यू एजुकेशन पालिसी के तहत सबसे आधुनिक शिक्षा तकनीकों के माध्यम से युवा पेशेवरों को तैयार करने और उद्यमियों की मानसिकता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## चिकित्सा व्यंजन और सलाद डेकोरेशन प्रतियोगिता में रिंकी सेन बनी विजेता

**रायपुर 3 जुलाई।** गुडविल हास्पिटल के चीफ़ डायटीशियन साक्षी सिंह ने बताया कि आहार चिकित्सा विभाग के द्वारा आहार चिकित्सा के व्यंजन और सलाद डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में इंटर्न डायटीशियन और वर्किंग नर्सो ने भाग लिया . प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये पौष्टिक और चिकित्सा में उपयोगी आहार रेसिपी को बना कर प्रदर्शित किया गया. साथ ही पेट और मधुमेह रोगियों के लिये उपयुक्त सलाद का भी प्रतियोगिता के लिये प्रदर्शन किया गया . सभी रेसिपी के कैलोरी वैल्यू और रोग की अनुकूलता का मैन्यु भी साथ में रखा गया. इस प्रतियोगिता के निर्णायक डिग्री गर्ल्स कॉलेज के होम साइंस विभाग की प्रोफ़ेसर रेखा दीवान , सोशियोलाजी विभाग की प्रोफ़ेसर मनीषा महापात्रा, गुडविल हास्पिटल के सीईओ डॉ शुभम अवस्थी और आहार विशेषज्ञ साक्षी सिंह थे . गुडविल हास्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ सत्यजीत साहू और आचार्य अनिमेषानंद अवधुत के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कार वितरण किया गया. आहार व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विजेता श्रेया और आरती , द्वितीय पुरस्कार श्रुति और मौसमी को मिला . सलाद डेकोरेशन में प्रथम पुरस्कार साक्षी और ज्योति, द्वितीय पुरस्कार गीतिका और कुंजलता को मिला . इस आयोजन में सुनील शर्मा, थामनेश्वर सिंग राजपुत , तारिक खान , ममता निषाद भुमि सुता साहू, टिकेंद्र साहू , अखिलेश ठाकुर , पूजा साहू , दामिनी माँझी ने सक्रिय योगदान दिया।



## महिलाएं शादीशुदा पुरूष के साथ रहने से पहले हजार बार सोचें



**रायपुर 3 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में 253वीं सुनवाई हुई. इस दौरान एक मामले में सुनवाई करते हुए डॉ. किरणमयी नायक ने कहा कि महिलाएं शादीशुदा पुरूष के साथ रहने से पहले हजार बार सोचे और उसकी पहली पत्नि को घर से निकलवाकर दूसरी पत्नी बनने का प्रयास ना करें और बसा-बसाया घर उजाड़ने का प्रयास ना करें. ऐसी महिलाओं को महिला आयोग सुधारने की दिशा में सक्त प्रयास करती है. यह कहते हुए उन्होंने दो महिलाओं को नारी निकेतन भेज दिया है।

## केन्द्रीय खेल मंत्री ने ड्रेस का अनावरण किया

**रायपुर, 3 जुलाई।** तस्वाा, आदित्य बिरला फैशन एण्डथ रिटेल लि. और मशहूर डिजाइनर तरुण तहलियानी के मेन्सा इंडियन वियर ब्राण्डक, ने आगामी पेरिस ओलम्पिक्सा 2024 के लिये टीम इंडिया की सेरेमोनियल ड्रेस बनाने का प्रति?ष्ठित काम किया है। माननीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने इंडियन ओलम्पिक्सष एसोसिएशन की प्रेसिडेंट डॉ. पी.टी. ऊषा की मौजूदगी में टीम इंडिया के ऑफिशियल सेरेमोनियल ड्रेस का अनावरण किया। तस्वाी अब दुनिया में फैशन की राजधानी, पेरिस में भारत के पारंपरिक परिधानों पर अपना नया नजरिया दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सेरेमोनियल ड्रेस भारत के समृद्ध सांस्कृ्तिक चित्रपट से प्रेरित है और इसमें हमारे तिरंगे के के?सरिया, हरे एवं सफेद रंगों से सराबोर देशभक्ति का उत्सातह भी साफ-साफ झलकता है। तस्वा् के चीफ डिजाइन ऑफिसर तरुण तहलियानी ने किट के अनावरण समारोह में बताया, ''हम टीम इंडिया के लिए ड्रेस बनाकर बहुत सम्मा नित महसूस कर रहे हैं। हमने ऐसे परिधान बनाने के? लिये इंडियन ओलम्पिक एसोसिएशन के साथ मिलकर काम किया है, जो भारत की गाथा गाते हैं। यह परिधान न सिर्फ देखने में आकर्षक हैं, बल्कि कम्फजर्ट और व्यावहारिकता को भी ध्योन रखकर बनाये गये हैं। ओपेनिंग सेरेमनी में सभी के साथ भव्यकता से प्रवेश करते हुए, हमारे खिलाड़ियों के हवादार और हल्केंझ्फ़िुल्कें परिधान जुलाई में पेरिस की गर्मियों के बिलकुल अनुकूल होंगे।'' तहलियानी ने आगे कहा, ''हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी वैश्विक मंच पर इस अहसास के साथ अपने कदम आगे बढ़ाएं कि वे भारत की संस्कृाति एवं धरोहर के दूत हैं। यह हमारा सपना है कि हमारी परंपराओं का दुनियाभर में सम्माधन किया जाए और उसकी प्रशंसा हो।'' ओपेनिंग सेरेमनी में टीम इंडिया के पुरुष खिलाड़ी कुर्ता बंडी सेट पहनेंगे, जबकि महिला खिलाड़ी खूबसूरती साड़ियों में नजर आयेंगी। इन परिधानों में इकट से प्रेरित और केसरिया और हरे रंग में डिजिटल तरीके से प्रिंटेड पैनल होंगे। नीले रंग के बटनहोल अशोक चक्र के प्रतीक होंगे।

## विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत, मंत्री का आभार

**रायपुर 3 जुलाई।** भाजपा पार्षद दल ने आज नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चौबे के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री , नगरीय प्रशासन मन्त्री श्री अरुण साव से सौजन्य मुलाकात कर रायपुर नगर निगम को विभिन्न मदों में विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की राशि प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपेक्षा कि की आगे भी रायपुर राजधानी के विकास में उनका सहयोग मिलता रहेगा । जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आयी है समय समय पर विभिन्न मदों में छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा विकास के लिए राशि प्रदान की गई है । महापौर निधि , अध्यक्ष निधि के साथ पार्षद निधि का पैसा भी रायपुर नगर निगम को मिल चुका है इसके साथ ही छत्तीसगढ़ शासन के अन्य नगरीय निकायों को भी मिल गया है । वही उप मुख्यमंत्री ,नगरीय प्रशासन मन्त्री अरुण साव जी ने नगर निगम में प्री ऑडिट की व्यवस्था को बदलने का निर्णय लिया है इसका भी स्वागत भाजपा पार्षद दल ने किया है । उप मुख्यमंत्री अरुण साव जी से मिलने गए प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चौबे , उप नेता मनोज वर्मा , प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे , जोन अध्यक्ष प्रमोद साहू , विनोद अग्रवाल , सीमा सन्तोष साहू , सरिता वर्मा , सीमा कन्दोई , सुशीला धीवर , चन्द्रपाल धनगर , दीपक जायसवाल , रोहित साहू , विश्वदिनी पाण्डेय ,कमलेश्वरी वर्मा , कामिनी पुरषोत्तम देवांगन ,सावित्री साहू, गोदावरी साहू , भोलाराम साहू ,रवि ध्रुव, गोपेश साहू आदि भाजपा पार्षद गण उपस्थित रहे ।



## सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर तुरंत रोक लगेः पुरुषोत्तम चंद्राकर

**रायपुर 3 जुलाई।** अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर स्पर्श सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान रायपुर द्वारा चांगोराभाठा रायपुर में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें स्पर्श के अध्यक्ष डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि हर साल 3 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है इस दिन को मनाने का मकसद लोगों को एकल उपयोग वाले प्लास्टिक बैग के नुकसान के बारे में जागरूक करना और टिकाऊ विकल्पों का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त हो इसके लिए छत्तीसगढ़ में भी सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाया गया लेकिन यह सिर्फ कागजों में ही है बाजार में शासन प्रशासन की नाक के नीचे कम माइक्रोन या मोटाई वाले सिंगल यूज प्लास्टिक खुले आम बिक रहे हैं।



डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि प्लास्टिक थैलियों पर प्रतिबंध है कई बार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं नगर निगम रायपुर द्वारा दुकानों, कारखानों पर छापा मार कर प्लास्टिक थैलियां का अवैध माल जप्त किया जाता है परंतु हम सभी जानते हैं की पाबंदी के बावजूद बड़ी मात्रा में प्लास्टिक थैलियां का अवैध व्यापार और उपयोग धड़ल्ले से जारी है, सब्जी बाजार में सब्जी बेचने वाले एवं दुकानदार के मना करने के बावजूद ग्राहक प्लास्टिक थैलियां की मांग करते हैं ऐसे लोगों की बेवकूफी का खामियाजा अन्य लोगों और पर्यावरण को भुगतना पड़ता है जिससे मासूम जीवों की जान भी चली जाती है बहुत बार हमें रास्ते, दुकान, स्ट्रीट वेंडर, किराना दुकान, होटल, सब्जी भाजी, फल वाले, खाद्य पदार्थ विक्रेता छोटे-मोटे दुकानदार की तरफ बंद प्लास्टिक थैलियों का इस्तेमाल नजर आता है,। डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि पृथ्वी पर मानव अस्तित्व और जीवसृष्टि को बचाना है तो प्लास्टिक का इस्तेमाल तुरंत बंद करना होगा प्लास्टिक के अलावा अन्य पदार्थ का अनुकरण करके पर्यावरण की रक्षा करनी होगी लोग प्लास्टिक का अधिक उपयोग करने के आदी हो गए हैं आलस और स्वार्थ वृत्ति छोड़कर कपड़े या कागज की थैलियों का उपयोग करें, पैसे से ज्यादा प्रकृति को प्रधानता दे। पृथ्वी पर मानव ने अपने सुख के लिए नए-नए आविष्कार किया परंतु जरूरत से ज्यादा प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हुआ आज अपने सुख के लिए मानव प्रकृति के साथ खिलवाड़ करके पृथ्वी को नष्ट करने पर तुला है जबकि पृथ्वी पर मानव अस्तित्व के साथ ही संपूर्ण जीव सृष्टि के लिए भी धोखा निर्माण हो गया है तेजी से बदलता जलवायु परिवर्तन मानव निर्मित कर्म का नतीजा है अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान हेल्थ इंपैक्ट इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट ने बताया कि 2021 में 81 लाख मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुई भारत में 21 लाख और चीन में 23 लाख मौत के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है इंस्टिट्यूट का यह आंकड़ा बहुत ही ज्यादा है वायु प्रदूषण के साथ ही जल प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, ई कचरा, जैव चिकित्सा, अपशिष्ट घातक रसायनों का उपयोग लाखों लोगों को हर साल घातक बीमारियों से जकड़ कर असमय मौत दे रहे हैं।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26